26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 25 जून, 2026

अंक- 241 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 10

www.dainikchingari.com

## राम मंदिर : चढ़ावा गिनती प्रक्रिया की अब रोजाना हो रही वीडियोग्राफी

**अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)।** राम मंदिर में चढ़ावे और दानराशि प्रबंधन को लेकर सामने आए विवाद के बाद राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से दान की गिनती और सुरक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव लागू कर दिए गए हैं। पहले सीसीटीवी फुटेज 45 दिन बाद स्वत: डिलीट हो जाती थी, लेकिन अब इसे कम से कम 180 दिन तक सुरक्षित रखने की व्यवस्था लागू की गई है। राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना की जांच कर रही एसआईटी को पर्याप्त सीसीटीवी फुटेज न मिलने से परेशानी हो रही है। जांच में सिर्फ 45 दिनों की फुटेज मिली है। इनमें से बीच-बीच में फुटेज डिलीट की गई है। माना जा रहा है कि बैकअप की नई व्यवस्था लागू होने से भविष्य में किसी भी जांच के दौरान पर्याप्त डिजिटल साक्ष्य उपलब्ध रह सकेंगे। राम मंदिर में अब चढ़ावे की गिनती से लेकर बैंक में जमा होने तक पूरी प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए कई नए प्रोटोकॉल लागू किए गए हैं। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव सीसीटीवी निगरानी और डिजिटल रिकॉर्ड प्रबंधन में किया गया है। चढ़ावे की गिनती पहले की तरह दो शिफ्टों में की जा रही है, लेकिन अब दानपात्र खोलने से लेकर नकदी की गिनती पूरी होने तक पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी अनिवार्य कर दी गई है। इसके साथ ही प्रतिदिन होने वाली गिनती और जमा राशि की ऑनलाइन एंट्री भी की जा रही है, जिससे रिकॉर्ड का डिजिटल ट्रैक उपलब्ध रहे। दान गिनती व्यवस्था से जुड़े स्टेट बैंक के टेलर्स, सुपरवाइजर्स और ऑडिट कर्मियों को भी बदल दिया गया है। बैंक की एजेंसी से जुड़े पुराने कर्मचारियों की जगह नया स्टॉफ तैनात किया गया है। वहीं ट्रस्ट की ओर से निगरानी करने वाले कर्मचारियों में भी बदलाव किया गया है। श्रद्धालुओं को दान की विधिवत रसीद देने की व्यवस्था भी पहले की तुलना में अधिक सख्ती से लागू की गई है। बैंक के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नकदी को बैंक तक पहुंचाने की प्रक्रिया में भी बड़ा परिवर्तन किया गया है। जिन बॉक्सों में नकदी भरकर बैंक भेजी जाती है, उनमें अब एक के बजाय दो लॉक लगाए जा रहे हैं।





## सिरदर्द के कारण

माइग्रेन के कारण कई हो सकते हैं। एक तरफ कुछ स्थितियां हैं और दूसरी तरफ कुछ रोग भी होते हैं। ज्यादातर लोगों के माइग्रेन से ग्रस्त होने के कारण भावनात्मक होते हैं। इसीलिए जिन लोगों को हाई या लो ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और तनाव जैसी समस्याएं होती हैं, उनके माइग्रेन से ग्रस्त होने की आशंका बढ़ जाती है। कई बार तो केवल इन्हीं कारणों से माइग्रेन हो जाता है। इसके अलावा हैंगओवर, किसी तरह का संक्रमण और शरीर में विषैले तत्वों का जमाव भी इसकी वजह हो सकता है। एलर्जी के कारण भी माइग्रेन हो सकता है और अलग-अलग व्यक्तियों में एलर्जी के अलग-अलग कारण हो सकते हैं। कुछ लोगों के लिए खाने-पीने की चीजें भी एलर्जी का कारण बन जाती हैं। कुछ लोगों को दूध और उससे बनी चीजें खाने से एलर्जी होती है तो कुछ के लिए साग-सब्जी एलर्जी का कारण हो सकती है। किसी को धूल से एलर्जी होती है तो किसी को धुएं से। इसलिए अगर आपको पता हो कि आपको किन चीजों से एलर्जी है तो उनसे बच कर रहें। छींक आना और डायरिया एलर्जी के लक्षण हैं। यही नहीं, अगर आपको किसी ऐसे व्यक्ति से बार-बार मिलना पड़े, जिसे आप न पसंद करते हों, तो यह भी सिरदर्द का कारण हो सकता है। ऐसा काम भी माइग्रेन का कारण हो सकता है, जिसे आप पसंद न करते हों। भावनाओं को दबाने से भी माइग्रेन हो सकता है। इसलिए भावनाओं को दबाने के बजाय अपने विश्वस्त लोगों से उनकी साझेदारी करें। कभी-कभी आंखों पर अधिक जोर पड़ने से भी सिरदर्द हो जाता है। इसलिए सिरदर्द का अगर कोई आम कारण समझ में न आए तो किसी नेत्र विशेषज्ञ से मिलना चाहिए। अगर ऐसा हो तो आंखों के कुछ सामान्य व्यायाम से इससे राहत पाई जा सकती है। सर्दी लगना, वायरस और बुखार भी सिरदर्द के कारण बन जाते हैं। इनके अलावा एक वजह आयरन की कमी भी होती है।

## संतुलित आहार लें

माइग्रेन में चिकित्सीय इलाज के अलावा संतुलित आहार बहुत जरूरी है। अगर शारीरिक कारणों से माइग्रेन हो तो पहले तो यह समझना चाहिए कि किन तत्वों की कमी या अधिकता के कारण ऐसा हो रहा है। उसके ही अनुसार अपने आहार को संतुलित कर लेना चाहिए। अगर किसी को खाद्य पदार्थों से एलर्जी के कारण माइग्रेन हो तो उसे उन फलों-सब्जियों और अनाज से बचना चाहिए, जिनसे एलर्जी हो सकती है। ऐसा पौष्टिक आहार लें, जिससे रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाई जा सके। रोज योगाभ्यास करें और विचारों को रचनात्मक बनाए रखें। इसके लिए किसी-किसी दिन उपवास करें। उपवास के दौरान पानी में नीबू का रस मिलाकर छह-सात बार लें।

# न्यूरोलॉजिकल समस्या है माइग्रेन

**सिरदर्द एक जटिल समस्या है। इसकी भयावह चुभन भरी पीड़ा से आदमी ऐसा त्रस्त होता है कि सिर क्या बाकी शरीर का होना भी भूल जाता है। माइग्रेन मूल रूप से तो न्यूरोलॉजिकल समस्या है। इसमें रह-रह कर सिर में एक तरफ कठिन पीड़ादायक दर्द होता है। यह कुछ घंटों से लेकर तीन दिन तक बना रहता है। सिरदर्द के साथ गैस्टिक, जी- मिचलाने, उल्टी जैसी समस्याएं होती हैं। मरीज को बिजली की रोशनी और शोर से भयंकर परेशानी होती है। इस समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए अमेरिकी वैज्ञानिकों ने तीन जीनों की खोज की है। इस खोज के बाद मरीजों को काफी हद तक माइग्रेन की समस्या से राहत मिल सकती है।**

जिंदगी में सिरदर्द की तकलीफ से हर किसी का कई बार पाला पड़ता ही है। यह एक ऐसा रोग है, जिसके कई कारण हो सकते हैं। कई बार तो ऐसा लगता है जैसे बेवजह सिरदर्द के शिकार हो गए हों। सिरदर्द का एक गंभीर रूप जो बार-बार या लगातार होता है, उसे माइग्रेन कहते हैं। माइग्रेन को आम बोलचाल की भाषा में अधकपारी भी कहते हैं। इसका शिकार होने पर सिर के आधे हिस्से में दर्द रहता है, जबकि आधा दर्द से मुक्त होता है। वैसे फ्रेंच शब्द माइग्रेन का अर्थ भी यही है। यह बात नेचर जेनेटिक्स पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में अमेरिकी शोधकर्ताओं ने कही है। माइग्रेन से संबंधित तीन जीन खोजे जाने के बाद अब इसके इलाज की उम्मीद को बल मिला है। डीएनए के एक हिस्से से इस बात का पता चलता है कि क्यों महिलाओं में माइग्रेन होने की संभावना तीन गुना ज्यादा होती है।



### रोशनी में धुंधलापन

जर्नल नेचर जेनेटिक्स की रिपोर्ट के अनुसार हॉर्वर्ड मेडिकल स्कूल के शोधकर्ताओं ने 23,000 रोगियों की जांच की और पाया डीएनए के तीन हिस्से माइग्रेन से जुड़े हुए हैं। जिनमें से कोई जीन सिरदर्द के लक्षणों जैसे चमकती रोशनी या धुंधला दिखाई देने से प्रभावित होता है। शोधकर्ता मारकस शर्क्स ने कहा कि आगे बड़े पैमाने पर अध्ययन के बाद अनुवांशिक माइग्रेन और उसके जोखिम परिणामों के बारे में पता चल सकेगा। कैम्ब्रिज में वेलकम ट्रस्ट सेंगर संस्थान के आर्नो पेलोटी ने कहा कि इस खोज ने इंसान की आम बीमारियों को समझने के लिए नए दरवाजे खोल दिए हैं। दूसरे रिसर्च से पता चलता है कि क्यों रोशनी सिरदर्द को और बदतर बना देती है।

### हृदय की समस्या भी

जिन लोगों को माइग्रेन होता है, वह दूसरी स्वास्थ्य समस्याओं से भी ग्रस्त होते हैं। अध्ययनों से पता चला है कि जो लोग इस बीमारी से पीड़ित होते हैं, उनको 25 फीसदी ज्यादा हृदय की समस्या होने की संभावना होती है। माइग्रेन से पीड़ित लोगो में जानलेवा ब्लड क्लोटिंग की संभावना दोगुनी होती है। मालूम हो कि अधिक वजन, धूम्रपान और थोड़ा व्यायाम करने से इस बीमारी के अधिक होने का खतरा बढ़ जाता है।

### अभी और शोध की जरूरत

शोधकर्ताओं ने 5 हजार माइग्रेन पीड़ित महिलाओं सहित 23 हजार से अधिक महिलाओं के अनुवांशिक आंकड़ों के परीक्षण के आधार पर यह शोध किया है। शोधकर्ताओं ने अपने इस शोध के परिणामों को उत्साहजनक बताया है। लेकिन उनका मानना है कि ये जीन माइग्रेन से किस प्रकार जुड़े हुए हैं, इसे बेहतर ढंग से समझने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है।



### सिरदर्द का खतरा 15 फीसदी

इन तीन जीन में से किसी एक के माता-पिता से बच्चों में पहुंचने पर भयंकर सिरदर्द का खतरा 10 से 15 फीसदी तक बढ़ जाता है। ये तीन जीन टीआरपीएम8, एलआरपी1 और पीआरडीएम16 हैं। इनमें से पहले जीन की मौजूदगी सर्दी और दर्द के प्रति संवेदनशीलता के लिए जिम्मेदार होती है, जबकि दूसरे जीन की मौजूदगी तंत्रिकाओं में संकेतों के प्रवाह को प्रभावित करती है।

### कारणों का समझने में मदद

हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के ब्रिगहैम एंड वुमेन्स अस्पताल के शोधकर्ता डेनियल चैसमैन का कहना है कि अब तक माइग्रेन को पूरी तरह से नहीं समझा जा सका था और इसकी वजहों को दूर करना मुश्किल था। तीन नए जीन की खोज से इस बीमारी के जीववैज्ञानिक कारणों को समझने और इस स्थिति के इलाज की दिशा में मदद मिल सकेगी। माइग्रेन एक ऐसी बीमारी है, जिसमें तंत्रिका कोशिकाओं की असामान्य प्रतिक्रिया होती है। इस बीमारी में सिर में अत्यधिक दर्द होता है, इससे अक्सर मितली होती है, प्रकाश और ध्वनि के प्रति संवेदनशीलता बढ़ जाती है।

# मुंहासे होने पर आजमाएं



संतरे के छिलकों को छाया में सुखाकर बनाया गया बारीक चूर्ण और बराबर मात्रा में बेसन (अथवा बारीक पिसी हुई मुलतानी मिट्टी दोगुना) मिलाकर मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को पन्द्रह मिनट पानी में भिगोने के बाद गाढ़ा घोल बना लें और इसका मुंहासे पर लेप करें। दस मिनट लगा रहने के बाद गुनगुने पानी से चेहरा धो लिया जाए तो इस प्रकार 4-6 सप्ताह के प्रयोग से मुंहासे नष्ट हो जाते हैं।



# हाईब्लड प्रेशर से मिलेगी मुक्ति

**शरीर में आखिर किस वजह से हाई ब्लड प्रेशर होता है, ब्रिटिश वैज्ञानिकों ने यह जानने का दावा किया है। अब हाई बीपी के इलाज के नए तरीके ढूंढ़े जा सकते हैं। शरीर किस तरह से ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है, इसके एक जरूरी स्टेप के बारे में कैंब्रिज यूनिवर्सिटी और नॉटिंघम यूनिवर्सिटी के रिसर्चरों ने पता लगाया है।**

यह भी इस प्रक्रिया में कब गड़बड़ी हो जाती है। स्टडी से जुड़े प्रो. रॉबिन कैरल कहते हैं, हमने मुख्य प्रक्रिया का पहला कदम जान लिया है। रिसर्चरों का मानना है कि इस प्रक्रिया को फोकस में रखकर गड़बड़ियां रोकी जा सकती हैं और हाइपरटेंशन पर काबू पाया जा सकेगा। मौजूदा दवाइयों का फोकस ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने वाली प्रक्रिया के आखिरी स्टेज पर होता है। नई स्टडी से उम्मीद है कि शुरुआती स्थिति में ही हाई ब्लड प्रेशर रोका जा सकेगा। दुनिया भर में लाखों लोग हाइपरटेंशन से परेशान हैं। इससे उन्हें हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा होता है। रिसर्चरों ने यह जानकारी तब हासिल की, जब वे प्री-इक्लेम्पसिया की स्टडी कर रहे थे। प्रेग्नेंसी के दौरान हाई ब्लड प्रेशर की यह स्थिति जच्चा-बच्चा दोनों के लिए जानलेवा हो सकती है। ब्लड प्रेशर पर कंट्रोल एंजियोटेंसिन नाम के हार्मोन्स के जरिए होता है। इसकी बड़ी डोज रक्त नलिकाओं को सिकोड़ देती है, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। 20 बरस से स्टडी कर रहे वैज्ञानिकों का कहना है कि हमने इन हार्मोन्स के विकास का पहला स्टेप ढूंढ़ लिया है। अब हम ऐसा इंतजाम करेंगे, जिससे यह हार्मोन अधिक मात्रा में विकसित हो। इससे हाई ब्लड प्रेशर की शुरुआत को ही रोका जा सकेगा। महज 10 साल में गोली भी आ सकती है। प्री-इक्लेम्पसिया का भी नया इलाज ढूंढ़ा जा सकता है।



# ध्वनि चिकित्सा के प्रभाव

***प्राचीन काल से*** तारयुक्त यंत्रों का प्रयोग धार्मिक संगीतों को बजाने के लिए एवं पूजा-अनुष्ठानों के संगत व सहायता, चिंतनों, योगासनों के लिए किया जाता रहा है। आजकल ध्वनि चिकित्सा का प्रचलन तेजी से बढ़ता जा रहा है। ध्वनि चिकित्सा के माध्यम से विभिन्न रोगों का इलाज किया जा रहा है। इससे रोगियों को कई बीमारियों से छुटकारा मिला है। ध्वनि चिकित्सा की उत्पत्ति ध्वनि के योग, नाद-योग के साथ-साथ योग के गहन विश्राम, योग-निद्रा से मानी जाती है। चिरकाल से तारयुक्त भारतीय यंत्रों की ध्वनियों का प्रयोग उपचार एवं सामंजस्य के लिए किया जाता रहा है।

ध्वनि चिकित्सा तनावों एवं दबावों के द्वारा उत्पन्न अवरोधों से आराम प्रदान करता है। शांतिपूर्ण मन की गहन अवस्था में पहुंचना स्वत: उपचार करने वाली शक्तियों को पुन: स्फूर्तियुक्त एवं प्रत्यावर्तित करता है।

### नर्म मालिश का अहसास

ध्वनि एक नर्म मालिश प्रदान करता है, जो कमोबेश आंतरिक शरीर में गहन रूप से प्रवेश करता है। यह तनाव मुक्ति के व्यायामों के प्रयोग से श्रोता पोषक एवं उपचारात्मक स्वरों के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। संगीत एक विस्तृत आत्मबोधन की ओर अग्रसर करता है। यह आंतरिक अनुभव को सक्रिय करता है एवं किसी के अपने आंतरिक संसाधनों तक नई अभिगम्यता का पता लगाने में मदद करता है। शरीर के सभी अंगों एवं इन्द्रियों को शांति तक पहुंचने में शायद ही निद्रा मिले। इस गहन विश्राम के लिए वास्तविक जीवंत संगीत का अनुभव अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### रुद्र वीणा से चिंतनशीलता जागृत

बीन या रुद्र वीणा एक सितार जैसा वाद्य है एवं भारत के प्राचीनतम शास्त्रीय वाद्य-यंत्रों से संबंधित है। पारंपरिक कहावतों के अनुसार जब शिव ने अपनी पत्नी पार्वती की सुन्दरता का ध्यान किया तो उन्होंने इसकी रचना की। रुद वीणा लोकप्रिय सितार का एक आरंभिक रूप है एवं इसे भारतीय तारयुक्त वाद्य-यंत्रों की जननी तथा रानी कहा जाता है। मंद्र एवं अधिस्वर से समृद्ध रुद वीणा सदियों से मन की चिंतनशील अवस्था को जगाने के लिए एक आदर्श संगीत वाद्य-यंत्र रहा है। इसकी ध्वनि आवृतियों के कारण अवरोधों को प्रभावशाली रूप से एक पूर्णतया सरल विधि से दूर करना संभव है।



## इन चीजों से रखें परहेज

इसमें हाल में सेवन किए जाने वाले खाद्य पदार्थों में ताजे फल और जूस (सेब, अंगूर, गन्ना, नीबू का रस, नारियल पानी), सब्जियां (मूली, पालक, बंद-गोभी, खीरा, चुकंदर, टमाटर, करेला) और सब्जियों से प्रोटीन (दाल, मटर, फलियां और मेवे) शामिल हैं। यह बेहतर है कि तले हुए खाद्य पदार्थ, नमकीन, अचार, जंक फूड, कंसंट्रेटेड चीनी, एल्कोहल और लाल मांस खाने से बचना चाहिए।

## ऐसा करने से मिलेगा फायदा

सिरोसिस में जो कई लीवर रोगों की अंतिम अवस्था है शुरू में कोई लक्षण नहीं देखने को मिलते हैं, लेकिन नमक और पानी के अवरोधन से पेट और लिंब्स में सूजन आ जाती है। हेपेटाइटिस में दी जाने वाली खुराक के अलावा नमक और पानी की मात्रा सावधानी के साथ सीमित कर दी जानी चाहिए। रोजाना 1,500 मिली (सात गिलास) लिक्विड के साथ एक चम्मच नमक, शाकाहारी भोजन लेना ठीक रहता है, क्योंकि पशु प्रोटीन से रक्त में अमोनिया के संचय से लीवर कोमा में चला जाता है।

## ऊर्जा, जब जरूरत हो

लीवर अपने अंदर ऊर्जा को बनाए रखता है। खासकर इसके अंदर शुगर (कार्बोहाइड्रेट्स, ग्लूकोज और फैट्स) स्टोर रहते हैं, जिससे यह एक बैटरी की तरह काम करता है। यही कारण है कि कई बार जब हम व्रत में होते हैं या पर्याप्त मात्रा में शकरयुक्त पदार्थ नहीं लेते तो भी हमारी आवश्यकतानुसार ऊर्जा हमें लीवर के जरिये मिल जाती है। ऐसा नहीं होता तो हम बहुत जल्द कोमा में चले जाते।

## स्वस्थ लीवर के लिए

- पर्याप्त मात्रा में ताजे फल और हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन।
- ढेर सारा पानी (उबला हुआ या बोतलबंद), फलों का जूस।
- अत्यधिक तले हुए भोजन से बचने की कोशिश करें।
- सही मात्रा में एल्कोहल का सेवन करें।
- बेकार की दवाएं न खाएं।

# संक्रमण और रक्तस्राव से बचाता है लीवर

**आज की भागमभाग जिंदगी व खानपान की वजह से लीवर, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल, थायरॉइड, मोटापा आदि बीमारियां तेजी से जन्म ले रही हैं। इनमें लीवर की समस्या गंभीर रूप में उभरकर सामने आई है। लीवर का विशेष ध्यान रखकर आप इस समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।**






**अपने लीवर** को सही तरह से जानने के लिए और इसकी सही देखभाल करने के लिए यह जरूरी है कि आप सबसे पहले यह जानें कि आपका लीवर क्या भूमिका निभाता है और यह कैसे हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। डेढ़ किग्रा का लीवर हमारे ऊपरी उदर के दाईं ओर स्थित होता है और यह खाए गए भोजन को संसाधित करता है, जिसके बाद इसे अंतड़ियां अवशोषित कर लेती हैं। यह कार्बोहाइड्रेट्स को ग्लाइकोजन के रूप में जमा करके रखता है और जब भी जरूरत होती है, यह तुरंत ही इसे ग्लूकोज के रूप में स्त्रावित कर देता है। हमारे द्वारा लिए गए नुकसानदायक पदार्थों को यह निष्क्रिय कर देता है और प्रोटीन पैदा करता है, जो हमें संक्रमण और रक्तस्राव से बचाता है। हम क्या खाते हैं और कैसा जीवन जीते हैं, उनमें मामूली सुधार कर के यह संभव है कि हम अपने लीवर को स्वस्थ रख सकें।

### स्टोर हाउस

लीवर अपने अंदर आयरन और जरूरी विटामिंस व मिनरल्स स्टोर करने का काम करता है। अत: लीवर ही आगे बढ़ने व शरीर के सारे कामों को करने की ताकत देता है।

### खाना पचाता है

लीवर बाइल ल्यूस बनाता है, जिससे खाने को पचाने में मदद मिलती है। इसके अलावा आपके शरीर में अनावश्यक पदार्थ को बाहर निकालना काफी मुश्किल होगा।

### विषमुक्त करता है

लीवर ही शरीर के अंदर प्रवेश करने वाले जहरीले पदार्थों से शरीर को मुक्त करने का काम करता है। शराब, बीयर, ड्रग्स जैसे केमिकल्स से लीवर ही हमें बचाता है। लीवर न होता तो हम अपनी बुरी आदतों से कब के मर चुके होते।

### खून बनाता है

लीवर में खून या रक्त कोषिकाएं बनती हैं, जो हमारे जीवन के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है।

### बढ़ने के लिए जरूरी

लीवर ही जरूरी व नए प्रोटींस का निर्माण करता है, जिससे आप स्वस्थ तरीके से बढ़ सकते हैं। इसके बिना आपकी सही तरीके से बढ़त भी नहीं हो सकती। हमारी खुराक में लगभग 40 फीसदी कच्चे फल और सब्जियां शामिल होने चाहिए, जो इसके फाइबर संबंधी सामग्री में इजाफा करते हैं, वसा को अवशोषित करने और पेट की सफाई करने का काम करते हैं। अच्छा वसा (ये जरूरी फैटी एसिड होते हैं जो फिश ऑयल सरीखे खाद्य पदार्थों में मिलते हैं) शरीर की प्रत्येक कोशिका में मौजूद झिल्ली और लीवर के सही कार्य करने के लिए जरूरी होते हैं।

### जहर को रखता है दूर

लीवर ही हवा में घुले जहरीले पदार्थों को शरीर में प्रवेश करने पर साफ करता है, जिससे ये हमारे अंदर जहर के फैलाव को आसानी से होने से रोकता है।

### करता है रक्षा

किसी तरह की चोट या घाव लगने पर लीवर ही खून को जमने में मदद करता है, इसलिए यह अत्यधिक रक्तस्राव को रोक हमें कमजोर होने से बचाता है।

### बचाता है संक्रमण से

लीवर ही हमारे अंदर प्रवेश करने वाले कीटाणुओं से हमारी रक्षा करता है या तो ये इन्हें कमजोर कर देता है या मार देता है। ऐसा नहीं होता तो हमें बहुत ही आसानी से संक्रमण होने का खतरा होता।

### कैसे पहुंचता है नुकसान

अच्छे और स्वस्थ लीवर के लिए कार्बोहाइड्रेट, वसा और प्रोटीन के सही संयोग वाला आहार जरूरी है। वसा और एल्कोहल के रूप में ढेर सारी कैलोरी लेने के कारण यह लीवर के इर्द-गिर्द जमा हो जाएगी, जिससे कोशिकाओं संबंधी क्षति हो सकती है और इसके महत्वपूर्ण कार्यों में व्यवधान डाल सकती है।

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार , 25 जून , 2026

www.dainikchingari.com

# बी पैक्स समिति बाकरपुर बहादरपुर में लिपिक बर्खास्त

## 40-50 लाख रुपये की हेराफेरी का आरोप

### एडीसीओ की अध्यक्षता में गठित जांच समिति की रिपोर्ट पर कार्रवाई, छह निदेशकों ने किया समर्थन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** किसान सेवा सहकारी समिति (बी पैक्स) बाकरपुर बहादरपुर में कार्यरत पक्के लिपिक पविंदर सिंह को कथित वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। समिति प्रबंधन का दावा है कि लिपिक पर लगभग 40 से 50 लाख रुपये की हेराफेरी के आरोप पाए गए, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। समिति की सभापति कमललता द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, एडीसीओ (सहायक विकास अधिकारी, सहकारिता) की अध्यक्षता में गठित जांच समिति ने पविंदर सिंह को भ्रष्टाचार में लिप्त पाया। जांच रिपोर्ट के आधार पर संचालक मंडल ने बर्खास्तगी की कार्रवाई को मंजूरी दी। बताया गया कि 24 जून 2024 को आयोजित समिति की बैठक में इस प्रस्ताव पर विचार किया गया। बैठक में मौजूद नौ निदेशकों में से छह निदेशकों ने लिपिक की बर्खास्तगी के पक्ष में मतदान किया, जबकि निदेशक रविंद्र शास्त्री, योगेंद्र सिंह और नरेंद्र सिंह ने इसका विरोध किया। समिति के सचिव एम.डी. जगदीश सिंह एवं संचालक मंडल की ओर से किसानों और समिति के सदस्यों से अपील की गई है कि बर्खास्त कर्मचारी के साथ भविष्य में किसी भी प्रकार का वित्तीय लेन-देन न करें। समिति ने स्पष्ट किया है कि बर्खास्तगी के बाद संबंधित व्यक्ति द्वारा किए गए किसी भी लेन-देन या दायित्व के लिए समिति जिम्मेदार नहीं होगी। समिति प्रबंधन का कहना है कि सहकारी संस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है। वहीं, मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# इमारतें ध्वस्त, हर तरफ तबाही...

## वेनेज़ुएला में महाविनाश!

### कुछ ही सेकंड के अंतराल पर आए 7.2 और 7.5 तीव्रता के दो भीषण भूकंप

### देश में आपातकाल घोषित



**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** वेनेज़ुएला के कैरेबियन तट पर बुधवार शाम प्रकृति का भयानक तांडव देखने को मिला। कुछ ही सेकंड के अंतराल पर आए दो बैक-टू-बैक ज़बरदस्त भूकंपों ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। भूकंप की तीव्रता इतनी अधिक थी कि पल भर में कई इमारतें मलबे के ढेर में तब्दील हो गईं और चारों ओर अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। आपदा की विभीषिका को देखते हुए कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने देश में आपातकाल की घोषणा कर दी है। US जियोलॉजिकल सर्वे (USGS) के अनुसार, पहला भूकंप 7.2 तीव्रता का था और यह काराकस से लगभग 168 किलोमीटर पश्चिम में मोरोन तटीय शहर के पास 22 किलोमीटर की गहराई पर आया। इसके ठीक एक मिनट बाद 7.5 तीव्रता का दूसरा और अधिक शक्तिशाली भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया, जिसका केंद्र मोरोन के दक्षिण-पश्चिम में था। कई वीडियो सामने आए हैं जिनमें देश भर में भारी तबाही दिखाई दे रही है, भूकंप के कारण इमारतें ढह गईं और लोग अपनी जान बचाने के लिए घरों से बाहर भागने लगे। USGS का अनुमान है कि मरने वालों की संख्या हज़ारों में हो सकती है, हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया गया है। भूकंप के झटके बहुत बड़े इलाके में महसूस किए गए, जिसके कारण भूकंप के केंद्र से लगभग 1,700 किलोमीटर दूर ब्राज़ील के अमेज़न क्षेत्र तक के शहरों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। काराकस में, दीवारें गिरने और क्षतिग्रस्त इमारतों से धूल के गुबार उठने के कारण लोग हिलती हुई इमारतों से बाहर निकल आए।

# तकिये से मुंह दबाकर पति को मौत की नींद सुलाया



कुमरसेन, मृतक पति

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एक महिला ने तकिए से मुंह दबाकर अपने पति को मौत की नींद सुला दिया। मृतक के मासूम बच्चे ने ग्रामीणों के सामने राज खोल दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना के बारे में परिजनों से जानकारी ली तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के ग्राम नाईपुरा उर्फ सुझारपुरा निवासी कुमार सेन ( 26 वर्ष ) अपनी पत्नी पर शक करता है, जिसके कारण उसका अपनी पत्नी से आयेदिन विवाद रहता था। बताया जाता है कि बुधवार को भी पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई थी, उसके बाद कुमर सेन सो गया था। इसी दौरान पत्नी ने कुमर सेन के मुंह पर तकिया रखकर उसकी जान ले ली तथा बाद में पति की मौत हो जाने का शोर मचा दिया। मृतक के मासूम पुत्र हिमांशु ( 5 वर्ष ) ने स्वजन को अपनी मां की करतूत बता दी। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह मौके पर पहुंचे तथा परिजनों से जानकारी ली। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# उत्तराखंड में अग्नि सुरक्षा पर सख्ती, अधिकारियों की जवाबदेही तय

## अस्पतालों, कोचिंग सेंटरों, छात्रावासों और सार्वजनिक स्थलों का होगा विशेष निरीक्षण, सात मानकों पर होगी जांच



**देहरादून ( चिंगारी )।** देशभर में लगातार सामने आ रही अग्निकांड की घटनाओं के बीच उत्तराखंड सरकार ने राज्य में अग्नि सुरक्षा मानकों को लेकर बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने सभी जिलों में अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन की निगरानी के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए व्यापक निरीक्षण और सत्यापन अभियान शुरू करने के निर्देश जारी किए हैं।

गृह विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार सभी जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को अस्पतालों, नर्सिंग होम, मेडिकल कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, छात्रावासों, निजी शिक्षण संस्थानों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर अग्नि सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने को कहा गया है। इसके लिए चरणबद्ध निरीक्षण और मॉनिटरिंग व्यवस्था लागू की जाएगी।

गृह सचिव द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि देश के विभिन्न हिस्सों में अस्पतालों, कोचिंग संस्थानों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर हुई आग की घटनाओं को देखते हुए राज्य में सुरक्षा व्यवस्थाओं की गंभीर समीक्षा आवश्यक हो गई है, ताकि जनहानि और संपत्ति के नुकसान की संभावनाओं को कम किया जा सके।

सरकार ने इस अभियान को दो चरणों में संचालित करने का निर्णय लिया है। पहले चरण में स्वास्थ्य और शैक्षणिक संस्थानों पर विशेष फोकस रहेगा। इसके तहत सरकारी और निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम, मेडिकल कॉलेज, डायग्नोस्टिक सेंटर, डे-केयर चिकित्सा संस्थान, कोचिंग सेंटर, छात्रावास और अन्य शिक्षण परिसरों का संयुक्त निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण अभियान में अग्निशमन विभाग, जिला प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और संबंधित विभागों की संयुक्त टीमें शामिल रहेंगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि जहां भी अग्नि सुरक्षा मानकों का उल्लंघन या गंभीर खामियां पाई जाएंगी, वहां नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी संस्थान निरीक्षण से बाहर न रहे और सभी चिन्हित परिसरों का भौतिक सत्यापन अनिवार्य रूप से किया जाए। पहले चरण की कार्रवाई पूरी होने के बाद अभियान का दूसरा चरण शुरू किया जाएगा। इसमें मॉल, मल्टीप्लेक्स, होटल, बैंक्वेट हॉल, सिनेमा हॉल, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया जाएगा। इन स्थानों पर भी अग्नि सुरक्षा, निकासी व्यवस्था और आपातकालीन तैयारियों का परीक्षण किया जाएगा।

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
We Are Hiring
ENGLISH CONVERSATION
HINDI PGT
PRT
P.T.I. (B.P.ED/M.P.ED)
बिजनौर से कोतवाली देहात स्टाफ को लने व ले जाने हेतु कुशल ड्राइवर (HEAVY DL) की आवश्यकता है
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800019,9634289199,8958800042

आवश्यकता है

हल्दौर स्थित फैक्ट्री के लिए कुशल कंप्यूटर ऑपरेटर / ऑफिस असिस्टेंट की आवश्यकता है।

कार्य- डेटा एंट्री, बिलिंग, रिकॉर्ड मैनेजमेंट, ईमेल/WhatsApp कम्युनिकेशन एवं MS Excel, MS Word, इंटरनेट का अनुभव, हिंदी व अंग्रेज़ी टाइपिंग का ज्ञान

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।
मो-8077377404

M D COLLEGE BIJNOR
A CO-EDUCATIONAL INSTITUTION
APPROVED & AFFILIATED TO CENTRAL & STATE GOVERNMENT APEX BODY
Courses Offered
Professional Courses: D. Pharma, B.Sc. (Microbiology), BCA, B.Com. (Computer), BBA, B.A. LL.B., LL.B.
Traditional Courses: B.A., B.Sc. (ZBC), B.Com.
Eligibility: Eligibility to all the courses is as per the directives of the U.P. Government.
College Of Pharmacy, Management, Science, Commerce, Law & Arts
Admission Open
*Proposed
Head Office: Near Chamunda Mandir, Jatan, Bijnor-246701 (U.P.)
01342-2622729412217505/506/507/508
www.pharmacymdcollege.com, www.srct-mdbijnor.com, pharmacymdcollege@gmail.com, lawmdcollege@gmail.com, bjosrct@gmail.com, bijnormdc@gmail.com

KUNWAR SATYAVIRA
COLLEGE OF ENGINEERING & MANAGEMENT
College Code: 017
27 years of Excellence
• Approved by AICTE, New Delhi • Affiliated to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University, Lucknow
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2026-27
COURSES OFFERED
B.TECH. (BIO-TECH | CE | CSE | ECE | EE | ME)
SPECIALIZATION:
Artificial Intelligence & Machine Learning
Data Science & Inrenet of Things (IoT)
Green Technology & Sustainability Engineering
Robotics & Electric Vehicles
M.B.A. (FINANCE | HRM | IB | IT | OM | MARKETING)
BBA BCA
Heartiest Congratulations
PRANAV MALIK
B.TECH (CSE)
Batch 2022-2026
PLACED IN tcs TATA CONSULTANCY SERVICES
PACKAGE LPA - 7.09
EXCELLENT ACADEMICS | EXPERIENCED FACULTY | MODERN LABS & INFRASTRUCTURE | INDUSTRY INTERFACE | HIGH PLACEMENT OPPORTUNITIES
CAMPUS: Bijnor City, Bijnor (U.P.) India
8191002009, 8191004009
EMAIL: admission@ksvira.edu.in
WEBSITE: ksvira.edu.in

SB COLLEGE
SBC
NIOS (Ministry of Education, Govt. of India)
DNYS (2½ Years)
G.J.U. , MORADABAD
BA LLB (5 Years)
LLB (3 Years )
ADMISSION OPEN
100% SCHOLARSHIP
6 KM Mile Stone, Bijnor- Noorpur Road, Near Dharampura, Bijnor- 246728 (U.P.)
7251999223, 9711144628, 7251999225

भली लगे या बुरी...

# संकट में वैश्विक अर्थव्यवस्था

ईरान पर अमेरिका और इस्राइल द्वारा 28 फरवरी को किया हमला भले ही अप्रैल से जारी युद्धविराम तथा हाल ही में हुए अंतरिम समझौते से फिलहाल शांत हो गया हो, लेकिन अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थों के माध्यम से अगले छः महीने में बातचीत कर स्थाई समझौते का रास्ता कांटों से भरा है। इस अंतरिम समझौते को जहां ईरान अपनी विजय बता रहा है, वहीं दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कट्टर रिपब्लिकन समर्थक भी इस समझौते से नाराज हैं क्योंकि उनका कहना है कि समझौते में ईरान को बहुत कुछ दे दिया गया है जबकि अमेरिका की स्थिति तुलनात्मक रूप से बहुत कमजोर रही है। उधर, इस्राइल भी इस समझौते से बहुत नाराज है। भले ही वह लेबनान में हिजबुल्ला के साथ युद्धविराम पर तैयार हो गया है, पर वह हिजबुल्ला द्वारा किए जाने वाले हमलों का कठोर जवाब देने तथा लेबनान में अपने द्वारा कब्जाई जमीन छोड़ने को तैयार नहीं है। ईरान ने फिलहाल होर्मुज से जहाजों की 60 दिन तक आवाजाही मुफ्त रखने की घोषणा की है, पर वह होर्मुज को अपनी 'संप्रभुता' का हिस्सा मान कर वहां से गुजरने वाले जहाजों पर टैक्स लगाना अपना अधिकार मानता है। इसके जवाब में अमेरिका ने अपनी सैनिक नाकेबंदी फिलहाल हटाने की प्रक्रिया धीमी कर दी है तथा उसने भी 'टोल' लेने का इरादा प्रकट किया है। इस प्रकार महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग होर्मुज पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सप्लाई को संकट में डाल रहा है। विडंबना है कि इस विश्वव्यापी संकट से निपटने के बजाय अंतरराष्ट्रीय संस्थायें-संयुक्त राष्ट्र संघ, सुरक्षा परिषद तथा मुक्त अंतरराष्ट्रीय नौवहन सुनिश्चित करने वाली संस्थायें केवल तमाशबीन बन कर रह गई हैं। लगता ही नहीं कि इन संस्थाओं का कोई अस्तित्व बचा है। ये पूरी तरह पंगु हो गई हैं। या अमेरिका की कठपुतली बनी हुई हैं। पश्चिम एशिया में संकट की यह स्थिति वर्तमान समय में व्याप्त वैश्विक अस्थिरता का नतीजा है, जिसके चलते द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद बने अनेक अंतरराष्ट्रीय कानून, नियम और मानक केवल शोभा की वस्तु बन कर रह गए हैं तथा दुनिया की महाशक्तियां एक-दूसरे के खिलाफ प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मैदान में कूद पड़ी हैं। पश्चिम एशिया संकट से पहले से ही रूस और यूक्रेन के बीच चार साल से अधिक समय से युद्ध जारी है तथा इस्राइल पर हमास के आतंकी हमले के बाद गाज़ा पर इस्राइल के हमले से भारी मानवीय संकट पैदा हुआ है।

# रामलला के पैसे की चोरी

## आस्था पर घात, डगमगाया विश्वास



अयोध्या में प्रभु श्री रामलला के भव्य मंदिर से दान पात्र में चोरी की घटना ने एक साथ कई मोर्चों पर हलचल मचा दी है। करोड़ों रामभक्तों की आस्था को इस घटना ने गहरी ठेस पहुंचाई है तो उनका यह विश्वास भी टूट गया कि रामलला के मंदिर में ऐसा कुछ कभी हो ही नहीं सकता है, लेकिन इससे भी बड़ी चोट तब लगी, जब इस धार्मिक मसले को राजनीति की चाशनी में लपेटकर परोसा जाने लगा। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने इस मुद्दे को हाथों-हाथ लपक लिया और भारतीय जनता पार्टी की हिन्दूवादी राजनीति पर निशाना साधने में ज़रा भी देर नहीं की। यह सवाल अपनी जगह वाजिब है कि जिस मंदिर के दर्शन के लिये अखिलेश यादव आज तक नहीं गये, उस मंदिर के दान पात्र से हुई चोरी पर उनकी तड़प और चिंता कितनी वास्तविक है और कितनी दिखावटी। जो नेता रामलला के दर्शन से परहेज़ करते रहे, वे अचानक मंदिर की सुरक्षा और प्रबंधन के पहरेदार बन बैठे हैं। इसमें सच्चाई कम, सियासी गणित ज़्यादा दिखता है। सपा की इस सियासत से हुए नुकसान की भरपाई करने के लिये 19 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या रामलला के मंदिर पहुंचे, वहां पूरे घटनाक्रम की बारीकी से जानकारी की। उधर, अखिलेश यादव की मंशा साफ है। वे भाजपा की हिन्दुत्व की छवि को खंड-खंड करना चाहते हैं। भाजपा ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया था। यह मंदिर केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि भाजपा की राजनीतिक पहचान का आधार-स्तंभ है। जब उसी मंदिर में चोरी होती है, तो यह भाजपा के लिये केवल प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि उसकी हिन्दुत्व की साख पर सीधा प्रहार बन जाता है। अखिलेश यादव इस कमजोर कड़ी को पकड़कर हिन्दू मतदाताओं के मन में यह संदेश डालना चाहते हैं कि भाजपा का हिन्दुत्व केवल चुनावी नारा है, व्यवहार में नहीं। इसके पीछे एक और सोचा-समझा राजनीतिक लक्ष्य है। उत्तर प्रदेश में हिन्दू मतदाता कभी एकजुट नहीं रहे। उच्च जातियों, पिछड़े वर्गों और दलितों के बीच की खाई को समाजवादी पार्टी हमेशा अपने पक्ष में भुनाने की कोशिश करती रही है। यदि अखिलेश इस घटना के माध्यम से हिन्दुओं के किसी तबके में यह धारणा बनाने में सफल हो जाते हैं कि भाजपा की सरकार में राम के घर में भी सुरक्षा नहीं, तो यह उनके लिये 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा राजनीतिक फायदा होगा। लेकिन इस पूरे प्रसंग में असली सवाल यह है कि यह नौबत आई क्यों? श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय की भूमिका यहां बेहद अहम है। यदि वे इस घटना की जानकारी मिलते ही इसका खुलासा सार्वजनिक रूप से कर देते और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई की बात करते, तो विपक्ष के पास आरोप लगाने की गुंजाइश ही नहीं बचती। जो घटना खुद उजागर की जाये, उस पर राजनीति करना कठिन होता है। लेकिन जब घटना को दबाने की कोशिश होती है और बाद में वह बाहर आती है, तो वह कहीं अधिक विस्फोटक बन जाती है। चंपत राय की यह अदूरदर्शिता महंगी पड़ी। इसी चूक ने अखिलेश को एक ऐसा हथियार थमा दिया, जिसे वे बार-बार भांज सकते हैं। सपा की मंशा को भांपकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए विशेष जांच दल का गठन किया है। यह कदम ज़रूरी था, लेकिन राजनीतिक नुकसान तो हो चुका था। जब तक जांच का आदेश आया, तब तक यह मुद्दा सोशल मीडिया और समाचार चैनलों पर आग की तरह फैल चुका था। मोदी और योगी दोनों की सरकारें इस मुद्दे पर बचाव की मुद्रा में दिखीं, जो आमतौर पर सत्ता पक्ष के लिये ठीक संकेत नहीं माना जाता। उधर, सपा प्रमुख अखिलेश यादव की बयानबाज़ी में भी अतिरंजना है। वे ऐसी बातें भी इस घटना से जोड़ रहे हैं, जिनका वास्तविकता से कोई सम्बन्ध नहीं। राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता में यह स्वाभाविक भी है, लेकिन इससे उनकी विश्वसनीयता पर भी सवाल उठते हैं। जो नेता कभी मंदिर के दर्शन नहीं करते, उनका मंदिर प्रेम अचानक चुनावी मौसम में जागता दिखे, तो जनता उसे पहचानती है। लाख टके का सवाल यह भी है कि यह मुद्दा क्या 2027 तक जीवित रह सकता है? इसका उत्तर इस बात पर निर्भर करेगा कि सरकार और राम जन्मभूमि न्यास इसे किस तरह संभालते हैं। यदि जांच में देरी हुई, दोषी पकड़ में नहीं आये, या मंदिर प्रशासन में कोई बड़ी खामी सामने आई, तो अखिलेश इसे ज़िंदा रखने में सफल होंगे। लेकिन यदि शीघ्र कार्रवाई हुई, दोषियों को सजा मिली और मंदिर प्रशासन में सुधार दिखा, तो यह मसला अपने आप ठंडा पड़ जायेगा। राजनीति में वही मुद्दे टिकते हैं, जिन्हें सत्ता पक्ष की लापरवाही ताज़ा रखती है।



-अजय कुमार
मो.-9335566111

# आपातकाल विरोधी पर्चे रखे छात्रों की डेस्क में..



आपातकाल की कहानी, प्रवीण शास्त्री की जुबानी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उस समय मेरी आयु लगभग 14 वर्ष थी। 9वीं क्लास में प्रवेश लिया था। आर.ए.एस.एम. इंटर कॉलेज धामपुर में पढ़ते समय आपातकाल के विरोध में मेरे द्वारा अनेक तरीकों से छात्रों को उकसाया गया। मैं रात को 12 बजे शुगर मिल धामपुर में एक विशेष मीटिंग में गया, जिसमें मुझे आर.एस.एम. कॉलेज में विद्यार्थियों के बीच में आपातकाल विरोधी पर्चे बांटने के लिए कहा गया। अगले दिन प्रातः काल कॉलेज में जाकर सभी छात्रों की डेस्क के अंदर पर्चे रखे। प्रार्थना के बाद छात्रों और अध्यापकों ने उन पर्चो को पढ़ा तो सब आश्चर्य में पड़ गए। मेरे बारे में कोई नहीं जान पाया।

## जब भूसे के बिटोड़े में रात बिताई

आपातकाल विरोधी गतिविधियां करते समय में, मैं अपने घर नहीं रह पाया, क्योंकि पुलिस और सीआईडी मुझे पकड़ने के लिए भागदौड़ कर रहे थे। एक दिन मैं रात को 8 बजे नहटौर से चलकर ग्राम बल्लाशेर पुर पहुंचा, तो वहां एक कार्यकर्ता के घर गया, तब उन्होंने मुझसे कहा कि तुम्हें हमारे गांव में पुलिस पूछ रही थी। ग्राम के ही कार्यकर्ता ने अपने घर में न ठहराकर एक भूसे के बिटोड़े में जाकर सोने को कहा, मैं उसमें जाकर लेट गया। सुबह को 4 बजे उठकर मैं 12 किलोमीटर खेतों में पैदल चलकर फिर धामपुर आया और आपातकाल विरोधी पर्चे लेकर अलग-अलग क्षेत्र में गया और उनको वहां जाकर बांटा।

## जब पूरे धामपुर में रोड पर पर्चे गिराए गए

आपातकाल विरोधी आंदोलन का नेतृत्व करने वाले अधिकारियों ने मुझे सत्याग्रह करके जेल जाने के लिए कहा, मुझे पुलिस की मार से बचने के लिए कहा गया था। मैं अपने बैग में इमरजेंसी विरोधी पर्चे लेकर आर. एस. एम. कॉलेज धामपुर गया। कॉलेज के प्रांगण में विद्यार्थियों के बीच में पंपलेट बिखेरकर मैं शहर जाने वाले टेंपो में बैठ गया। सवारियों को भी पंपलेट दिए और नारे लगाते हुए पंपलेट सड़क पर, थाने के सामने और रोडवेज स्टैंड तक बिखेर दिये। रोडवेज बस स्टैंड पर टेंपो से धामपुर मंडी में पहुंचा, वहां से पास के गांव में सत्याग्रहियों के साथ आपातकाल विरोधी नारे लगाते हुए और पर्चे बाटते हुए हम तहसील में गए। वहां हमने भाषण दिये। तहसीलदार ने पुलिस बुलाई और हमें थाने में बंद कर दिया। अगले दिन मुंसिफ़ मजिस्ट्रेट के आदेश से हमें जिला कारागार में बंद कर दिया गया।

## जब मुंसिफ मजिस्ट्रेट ने आशीर्वाद दिया

मुकदमे की पैरवी में जब मुंसिफ़ मजिस्ट्रेट एक बार जेल में आए। सभी से पूछताछ करने के बाद उन्होंने मुझे अपने पास बिठाकर कहा कि तुम्हारी उम्र कम है, पढ़ाई का समय है, जीवन बर्बाद हो सकता है, तुम माफी मांग लो तो मैं तुम्हें कल ही जेल से रिहा करा दूंगा। मैंने मजिस्ट्रेट से कहा हम देश के लिए सत्याग्रह करके अपनी मर्जी से आए हैंए घर वालों ने भी माफी मांगने से मना कर दिया है, हम भावुकता में नहीं बल्कि बहुत सोच-समझकर जेल आए हैं। मजिस्ट्रेट साहब की आंखों में आंसू आ गए, वह कहने लगे तुम जैसे कम उम्र के किशोर ऐसी भावना रखते हैं तो हमें भी अब देश की सुरक्षा की चिंता नहीं रही। आपातकाल गलत लगाया गया है। इस मुंसिफ़ मजिस्ट्रेट का नाम एम.ए. खान था, जो अब सुप्रीम कोर्ट से रिटायर हुए हैं। उन्होंने हाथ पड़कर कहा तुम देश के लिए बहुत कुछ करोगे, यह मेरा आशीर्वाद है।

# बिजनौर में 15.40 करोड़ रुपये से संवरेगा सड़क नेटवर्क

## चांदपुर, नगीना और नजीबाबाद में तीन प्रमुख सड़क परियोजनाएं मंजूर

**बिजनौर ( चिंगारी )। जनपद के औद्योगिक विकास और आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने के लिए शासन स्तर पर बड़ा कदम उठाया गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 की औद्योगिक लॉजिस्टिक योजना के अंतर्गत बिजनौर जिले में 15.40 करोड़ रुपये की लागत से तीन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी मिली है।**

इन्वेस्ट यूपी द्वारा तैयार और जिलाधिकारी की संस्तुति से स्वीकृत इस योजना के तहत चांदपुर, नगीना और नजीबाबाद क्षेत्रों में कुल 7.85 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण एवं चौड़ीकरण किया जाएगा। इन परियोजनाओं का सीधा लाभ जिले में हुए 663.7 करोड़ रुपये के औद्योगिक निवेश को मिलेगा। सड़क संपर्क बेहतर होने से उद्योगों तक कच्चे माल की आपूर्ति और तैयार उत्पादों के परिवहन में तेजी आएगी, जिससे जिले की औद्योगिक गतिविधियों को नया बल मिलेगा।

### पेपर मिल मार्ग बनेगा फोरलेन

योजना के तहत सबसे प्रमुख परियोजना चांदपुर तहसील के चांगीपुर स्थित बिन्दल पेपर मिल्स मार्ग का चौड़ीकरण है। गोहावर चौक केमरी शफुद्दीन रोड से चांदपुर पॉलिटेक्निक स्कूल तक 2.3 किलोमीटर लंबी सड़क को सिंगल लेन से स्टेट हाईवे स्तर की फोर लेन सड़क में विकसित किया जाएगा। इस कार्य पर 4.30 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। क्षेत्र में बिन्दल पेपर मिल्स द्वारा 660 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, जिससे यह मार्ग उद्योग के लिए महत्वपूर्ण परिवहन गलियारा बनेगा।



### नगीना में 10 करोड़ रुपये की सड़क परियोजना

नगीना क्षेत्र में जिले की सबसे लंबी सड़क परियोजना को मंजूरी मिली है। औरंगजेबपुर-मोहम्मदाबाद-हरेवली रोड पर रामलीला तिराहे से बेनीपुर गांव तक 5 किलोमीटर लंबी सड़क का 10 करोड़ रुपये की लागत से सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इस क्षेत्र में नगीना बेवरेजेज द्वारा 3.5 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। सड़क के उन्नयन से परिवहन व्यवस्था अधिक सुगम और प्रभावी बनेगी।

### नजीबाबाद में बनेगी नई संपर्क सड़क

नजीबाबाद तहसील के गांव शाहनपुरा में रामपाल कंस्ट्रक्शन के समीप नई सड़क का निर्माण किया जाएगा। शाहनपुरा गाटा संख्या-546 से विलेज कनेक्टिविटी रोड तक 0.55 किलोमीटर लंबी सड़क 1.10 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जाएगी। इस क्षेत्र में संचालित औद्योगिक इकाई को नई सड़क से बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी और परिवहन के नये विकल्प विकसित होंगे।

### किसानों और ग्रामीणों को भी होगा लाभ

**सड़क परियोजनाओं का लाभ केवल उद्योगों तक सीमित नहीं रहेगा। बेहतर सड़क संपर्क से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी और किसानों को अपनी उपज मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी। साथ ही यातायात व्यवस्था सुगम होने से समय की बचत होगी और सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आने की उम्मीद है। विशेषज्ञों का मानना है कि औद्योगिक लॉजिस्टिक योजना के तहत होने वाले ये कार्य बिजनौर की अर्थव्यवस्था को नई गति देने के साथ-साथ रोजगार और निवेश के अवसरों में भी वृद्धि करेंगे।**

# एसडीएम सदर ने लिया बाढ़ सुरक्षा कार्यों का जायजा

## संवेदनशील स्थलों पर लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश

**बिजनौर ( चिंगारी )।** आगामी वर्षाकाल को देखते हुए जिले में संचालित बाढ़ सुरक्षा एवं तटबंध सुदृढ़ीकरण कार्यों का एसडीएम सदर रितुरानी और सिंचाई विभाग के एई पीके जैन ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। अधिकारियों ने अफजलगढ़ सिंचाई खंड, धामपुर के अंतर्गत चल रही विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति का स्थलीय आंकलन किया और कार्यों की गुणवत्ता पर जोर दिया।

मंगलवार देर शाम निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर रितुरानी ने बाकरपुर-यूसुफपुर तटबंध पर करीब चार किलोमीटर लंबाई में चल रहे ऊंचीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि परियोजना के पूर्ण होने के बाद बाकरपुर, यूसुफपुर, नरूला समेत आसपास के कई गांवों को मालन नदी की बाढ़ से प्रभावी सुरक्षा मिलेगी और क्षेत्र की बाढ़ प्रबंधन क्षमता मजबूत होगी। इसके बाद अधिकारियों ने ग्राम मिर्जापुर स्थित गलखा मंदिर क्षेत्र में पहुंचकर बाढ़ सुरक्षा कार्यों का निरीक्षण किया। यहां नये स्पर के निर्माण और पुराने स्पर के सुदृढ़ीकरण का कार्य अंतिम चरण में पाया गया। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि सभी कार्य वर्षाकाल शुरू होने से पहले पूरे कर लिए जाएंगे। इन परियोजनाओं के पूरा होने से ग्राम मिर्जापुर और गलखा मंदिर क्षेत्र को नदी कटाव तथा बाढ़ जनित क्षति से दीर्घकालिक सुरक्षा मिल सकेगी। एई पीके जैन ने कहा कि जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग के समन्वित प्रयासों से बाढ़ सुरक्षा से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा रहा है, ताकि वर्षाकाल के दौरान जनधन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ एवं कटाव के खतरे को न्यूनतम किया जा सके। एसडीएम सदर रितुरानी ने निर्देश दिये कि सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों और समयसीमा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे किए जाएं। साथ ही संवेदनशील स्थलों पर लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिये।

# चढ़ावा चोरी के दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी हो: राकेश टिकैत

## कहा-सरकार की नीतियों से हर वर्ग परेशान



राकेश टिकैत का स्वागत करते हुए पवन सिंह व सुनील प्रधान।

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर के चढ़ावे में कथित चोरी और अनियमितताओं के मुद्दे पर प्रदेश सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार को मंदिर में चढ़ाए गए श्रद्धालुओं के पैसे का पूरा हिसाब जनता के समुख रखना चाहिए।

बुधवार को हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव गदनपुरा में पूर्व प्रधान पवन सिंह के आवास पर आयोजित आम खाओ, दूध पियो सम्मेलन में बड़ी संख्या में किसानों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि श्रीराम मंदिर केवल अयोध्या का नहीं, बल्कि देशभर के करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। मंदिर निर्माण और चढ़ावे में पश्चिमी उत्तर प्रदेश, विशेषकर मुजफ्फरनगर के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार बताए कि आखिर मंदिर में चोरी हुई है या नहीं। यदि हुई है तो अब तक चोरों की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई और यदि चोरी नहीं हुई तो फिर सामने आ रही ख़बरों का सच क्या है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में हुए कोचिंग सेंटर अग्निकांड जैसी घटनाएं प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम हैं। घटना में कई नौजवानों ने अपनी जान गवाही है। ऐसी घटनाओं में केवल औपचारिक कार्रवाई से काम नहीं चलेगा, बल्कि जिम्मेदार लोगों को चिन्हित कर कठोर दंड दिया जाना चाहिए। किसानों के मुद्दों पर बोलते हुए टिकैत ने कहा कि आज केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों से किसान, मजदूर और आम आदमी परेशान है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में किसानों को अपने अधिकारों की लड़ाई और मजबूती से लड़नी होगी। सरकार की निगाह उनकी जमीनों पर है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान, पश्चिम उत्तर प्रदेश महासचिव कुलदीप सिंह, चांदपुर तहसील अध्यक्ष नितिन शर्मा, पूर्व प्रधान पवन सिंह, याकूब अहमद, सतीश कुमार, चौधरी लुधियाना सिंह, अहमद शहीद, गुरप्रीत सिंह, बलकार सिंह, दिनेश कौशिक, देवेंद्र शर्मा, हनीफ अहमद सहित बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण मौजूद रहे।

# सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने सुनीं किसानों की समस्याएं




**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** किसान चौपाल में सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने किसानों की समस्याएं सुनीं और उन्हें जल संरक्षण पर जागरूक किया। कादराबाद स्थित गेस्ट हाउस पर सिंचाई विभाग की ओर से कृषक चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम मुरलीवाला, जामुनवाला, कादराबाद, हिदायतपुर उर्फ चौहड़वाला, तुरतपुर, रसूलपुर आदि के किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने सिंचाई व्यवस्था, नहरों की सफाई, पानी की उपलब्धता एवं कुलाबों से जुड़ी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। अफजलगढ़ सिंचाई खंड धामपुर के सहायक अभियंता विक्रांत कुमार ने किसानों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान को लेकर संबंधित अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नहरें किसानों की जीवन रेखा हैं और उनकी सुरक्षा एवं साफ-सफाई बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि फसलों में आवश्यकतानुसार उचित गहराई तक ही सिंचाई करें तथा सिंचाई के बाद अपना कुलाबा अवश्य बंद कर दें, ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके। इस मौके पर संबंधित जूनियर इंजीनियर राकेश भारद्वाज,नासिर हुसैन, नवीन शर्मा एवं गौरव कुमार सहित भाजपा (कि.मो.) के जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत, शिवसेना जिलाध्यक्ष संजय राणा, ग्राम प्रधान कैलाश सिंह, सरदार कुलदीप सिंह, मनवीर सिंह यादव, राकेश नेगी, हरपाल सिंह राणा, विनोद कुमार नैन, सोनू राणा, विपिन शर्मा, किशनलाल, सुरेंद्र सिंह, समरी, जयप्रकाश सिंह, हरकेश सिंह, नागेंद्र सिंह, महन्त मोहित त्यागी, विजय सिंह, दिनेश कुमार, विजय सिंह, सचिन कुमार राठी आदि किसान एवं विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# बाल-बाल बचे भाती-भातन

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** स्थानीय बस स्टैंड के पास सड़क पर दौड़ रहे मैजिक वाहन का पहिया अचानक निकल जाने से यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हालांकि एक-दो महिला यात्री को ही गुम चोटें आईं, जिस पर सभी ने ईश्वर का धन्यवाद किया। बुधवार को भागूवाला के समीपवर्ती ग्राम सबलगढ़ का निवासी लाल सिंह, मंडावर क्षेत्र के ग्राम फजलपुर में अपने बहनोई इन्द्रेश के यहां भात देने गये थे। कई महिलायें, पुरुष मैजिक वाहन से गये थे। शाम लगभग 7 बजे जब वे वापस घर लौट रहे थे, तो स्थानीय बस स्टैंड के समीप ग्राम जीतपुर में अचानक चलते हुए मैजिक का पहिया निकल गया। हालांकि मैजिक पलटा नहीं, जिससे किसी को गंभीर चोट नहीं आई। एक-दो महिला को गुम चोट ही लगी।

# शराब की लत ने छीना भाई का सहारा

# छोटे भाई ने सब्बल से वार कर बड़े भाई को सुलाया मौत की नींद

## बेगावाला में रिश्तों का खून, मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

### आरोपी फ़रार, पुलिस की कई टीमें तलाश में जुटीं

**बिजनौर (चिंगारी)।** समीपवर्ती ग्राम बेगावाला में दिल दहला देने वाली घटना ने रिश्तों की मर्यादा को तार-तार कर दिया। मामूली कहासुनी और लंबे समय से चले आ रहे पारिवारिक तनाव ने ऐसा भयावह रूप ले लिया कि छोटे भाई ने अपने सगे बड़े भाई की सब्बल (लोहे की भारी वस्तु) से हमला कर हत्या कर दी। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। परिवार में मातम और चीख-पुकार का माहौल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की गई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बेगावाला की नई बस्ती निवासी हनीफ के पुत्र सलीम (30 वर्ष) और उसके छोटे भाई नदीम के बीच लंबे समय से घरेलू बातों को लेकर तनाव बना हुआ था। दोनों भाई विवाहित थे। दोनों के दो-दो बच्चे हैं। दोनों परिवार एक ही हवेली में रहते थे। बताया जाता है कि नदीम शराब का आदी है, वह अक्सर नशे की हालत में घर में हंगामा करता था। बड़े भाई सलीम द्वारा उसे समझाने और टोका-टाकी करने को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था।

**सोते हुए भाई पर किया जानलेवा हमला**

बताया जाता है कि बुधवार देर रात सलीम अपने घर में सो रहा था। रात लगभग 11 बजे आरोपी नदीम ने सोते हुए बड़े भाई पर सब्बल से ताबड़तोड़ वार कर दिए। अचानक हुए हमले से घर में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों की चीख-पुकार से पूरा मोहल्ला गूंज उठा।

गंभीर रूप से घायल सलीम को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिजन शव को घर ले आए और कानूनी कार्रवाई को लेकर विचार-विमर्श करने लगे।

**आधी रात के बाद पुलिस पहुंची**

इसी बीच रात करीब एक बजे किसी ने 112 पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही सीओ सिटी अभय कुमार पाण्डेय तथा कोतवाल अवनीतमान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद आरोपी नदीम मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। अधिकारियों के अनुसार आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के लिए कई टीमों का गठन किया गया है।

**ई-रिक्शा चलाकर पालता था परिवार**

मृतक सलीम अपने परिवार का पालन-पोषण ई-रिक्शा चलाकर करता था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा एक



मृतक का फाइल फोटो

बेटा और एक बेटी है, जिनकी उम्र लगभग 6 से 7 वर्ष बताई जा रही है। सलीम की मौत के बाद दोनों मासूम बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है।

परिजनों के अनुसार सलीम मेहनतकश और जिम्मेदार व्यक्ति था, जबकि आरोपी नदीम कोई स्थायी काम नहीं करता था, वह शराब की लत में डूबा है। गांव के लोगों का कहना है कि यदि समय रहते उसकी आदतों पर अंकुश लगाया जाता तो शायद यह दर्दनाक घटना टल सकती थी।

**गांव में शोक, परिवार पर टूटा दुःखों का पहाड़**

एक ही घर में रहने वाले दो भाइयों के बीच हुई इस घटना ने पूरे गांव को स्तब्ध कर दिया। जहां कल तक बच्चों की किलकारियां गूंजती थीं, वहां आज मातम पसरा हुआ है। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में हर कोई इस दर्दनाक घटना की चर्चा कर रहा है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कानून के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## हार्ट अटैक से हुई थी स्टोर मैनेजर की मौत

**स्योहारा (चिंगारी)।** अवध शुगर एंड ऐनर्जी लिमिटेड स्योहारा में स्टोर मैनेजर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में हार्ट अटैक की पुष्टि हुई है। परिजनों को शव सुपुर्द कर दिया गया। बुधवार को शुगर मिल की आवासीय कालोनी में अपने आवास पर स्टोर मैनेजर मृत अवस्था में मिले थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनि कुमार ने मौके पर पहुंचकर फोरेंसिक जांच टीम को बुलाकर घटाना स्थल के नमूने लिये। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट में हार्टअटैक की पुष्टि हुई। परिजनों द्वारा शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया।

## भूपेन्द्र चौधरी का स्वागत किया



**नांगल सोती (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री भूपेन्द्र चौधरी का ग्राम भागूवाला में पहुंचने पर भाजपाइयों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। बुधवार को कैबिनेट मंत्री भूपेन्द्र चौधरी बिजनौर में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने जा रहे थे। अपराहन पौने चार बजे जब वे भागूवाला में पहुंचे, तो भाजपाइयों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। स्वागत करने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी, नजीबाबाद के ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, झालू नगर पंचायत के चेयरमैन लोकेन्द्र चौधरी, भागूवाला मंडल के अध्यक्ष कमल सैनी, महामंत्री सचिन देशवाल, एड. ब्रजराज सिंह देशवाल, हरेन्द्र तोमर, अनुज कुमार, कपिल राजपूत, संजीव कुमार, रजत कुमार, शुभम चौहान, शरद राजपूत, शौकीन सिंह, अरविन्द त्यागी आदि शामिल रहे।

## ईओ ने अपनी मौजूदगी में कराई नालों व नालियों की तलछट सफाई

**नगीना (चिंगारी)।** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार ने बुधवार को नगर में सभी नालों /नालियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपनी मौजूदगी में नालों की तड़ी-झाड़ सफाई का कार्य प्रारंभ करा दिया।

सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा ने बताया कि बरसात से पहले नगरवासियों को जल भराव की समस्या का सामना न करना पड़े इसके लिए पहले प्रशासन ने बुधवार से शहर के सभी नालों / नालियों को युद्ध स्तर पर साफ कराने का अभियान शुरू करा दिया है। उन्होंने बताया कि पालिका के अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार ने बुधवार को नगर के अलग-अलग बाजारों व मोहल्ले में कई नालों का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान ईओ ने आसपास के लोगों से नाले-नालियों को साफ सुथरा रखने व उसमें कूड़ा इत्यादि नहीं डालने का आवाहन भी किया। उन्होंने कहा कि नगर आपका है, इसे स्वच्छ व सुंदर बनाने में पालिका का सहयोग करें। इस मौके पर सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा, सफाई नायक अरुण कुमार, सुभाष कुमार, रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।



अपनी मौजूदगी में नालों की सफाई कराते पालिका के अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार व सफाई

## कार व ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर में पति-पत्नी व सास घायल

**किरतपुर (चिंगारी)।** नगर के मोहल्ला महाजनान निवासी संजय अग्रवाल आज सुबह अपने परिवार के साथ गंगा बैराज से स्नान करके लौट रहे थे। उनके साथ उनकी पत्नी व सास भी गाड़ी में मौजूद थी। जैसे ही उनकी कार ग्राम मुंढाला के पास पहुंची तो सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आवाज सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गये। संजय अग्रवाल बुरी तरह गाड़ी में फंस गये। सूचना मिलने पर परिवार वाले और थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी भी मौके पर पहुंचे। गैस कटर की सहायता से चालक संजय अग्रवाल व उनकी पत्नी मीनाक्षी एवं सास को कार से बाहर निकाला गया। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बिजनौर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

## सम्बन्ध विच्छेद सूचना

हमारा भतीजा अर्जुन सिंह पुत्र स्व. घनश्याम सिंह हमारे कहने-सुनने में नहीं है तथा हमारी कोई बात नहीं मानता है। इसलिये हमने उससे समस्त प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। उसके किसी कृत्य से हमारा कोई सम्बन्ध नहीं होगा। - **विजय सिंह, श्रवण कुमार, प्रेम सिंह पुत्रगण स्व. झबरे सिंह निवासीगण ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय, थाना नांगल, तहसील नजीबाबाद (बिजनौर)**

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**नहटौर (चिंगारी)।** स्थानीय पुलिस के अनुसार सोमवार को एक नाबालिग पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि ग्राम चकगोवर्धन निवासी सुल्तान पुत्र अशरफ ने उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी सुल्तान के विरुद्ध पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी सुल्तान को धर दबोचा और न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त सुल्तान एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ वर्ष 2018 से लेकर 2026 तक नहटौर, नगीना, अफजलगढ़ और नजीबाबाद थानों में संगीन धाराओं में 13 मुकदमे दर्ज हैं। इसमें गैंगस्टर एक्ट, चोरी का माल बरामद होना, घर में नकबजनी और आर्म्स एक्ट जैसे मामले शामिल हैं।

## भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा

### राजनाथ सिंह के पुत्र नीरज, पूजा पाल व सुरेश राणा बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**लखनऊ/बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। पंकज चौधरी की नई टीम में ओबीसी को तरजीह दी गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बेटे नीरज सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इनके अलावा पूजा पाल और सुरेश राणा को भी उपाध्यक्ष पद से नवाजा गया है। नई टीम में 19 उपाध्यक्ष और 8 महामंत्री शामिल हैं। इसी के साथ क्षेत्रीय अध्यक्षों की भी घोषणा की गई है। नवाब सिंह नागर को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष बनाया गया है।

**नवाब सिंह नागर को पश्चिम का क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाया**

नई प्रदेश कार्यकारिणी में सुरेश राणा, सत्यपाल सैनी, ब्रज बहादुर, डा. धर्मेंद्र सिंह, मोहित बेनीवाल, देवेश कोरी, प्रियंका रावत, दुर्विजय शाख्य, रमेश सिंह, नीरज सिंह, अर्चना मिश्रा, पूजा पाल, शंकर गिरि, कामेश्वर सिंह, कृतिका अग्रवाल, सुरेश मौर्य, राजेश यादव, कृष्ण बिहारी राय और आलोक गुप्ता उपाध्यक्ष बनाये गये हैं। रामप्रताप सिंह चौहान, गीता शाख्य, अभिजात मिश्रा, उपेंद्र रावत, संजय राय, शंकर लोधी, दिलीप पटेल, राकेश चौधरी को महामंत्री बनाया गया।

नई कार्यकारिणी में 18 मंत्री बनाये गये हैं। दिनेश प्रताप सिंह को मुख्य प्रवक्ता तथा भारत दीक्षित को कार्यालय मंत्री बनाया गया है। नवाब सिंह नागर को क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिम, पूरनलाल लोधी को क्षेत्रीय अध्यक्ष ब्रज, रामकिशोर साहू को क्षेत्रीय अध्यक्ष कानपुर, अवधेश द्विवेदी को क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध, अशोक चौरसिया को काशी तथा विनोद राय को क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर नामित किया गया।

मोर्चा अध्यक्षों की नियुक्ति भी की गई है। रोहित मिश्रा को प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा, प्रकाश पाल को पिछड़ा मोर्चा, देवेन्द्र सिंह को किसान मोर्चा, अशोक रावत को अनुसूचित मोर्चा, सरोज कुशवाह को महिला मोर्चा तथा विद्याभूषण गोंड को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। बता दें कि नई प्रदेश कार्यकारिणी में बिजनौर जनपद से किसी भी भाजपाई का नाम नहीं है।

## गौवध के तीन दोषियों को पांच-पांच साल की सज़ा

**बिजनौर (चिंगारी)।** गौवध के एक मामले में अदालत ने तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास और प्रत्येक पर तीन लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। अभियोजन के अनुसार, एक जनवरी 2024 को थाना नांगल पुलिस ने ग्राम सबलपुर बीतरा में कार्रवाई करते हुए फरमान पुत्र मुन्नू, वाहिद पुत्र हनीफ शाह, नवाब पुत्र वाहिद तथा एक अन्य बाल अपचारी को गौवंशीय मांस, अवशेष और पशु कटान के उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में थाना नांगल पर गौवध निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस ने चार्ज शीट न्यायालय में दाखिल की। इसके बाद पुलिस और मॉनिटरिंग सेल की ओर से प्रभावी पैरवी की गई। सुनवाई के बाद बुधवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) की अदालत ने फरमान, वाहिद और नवाब को दोषी ठहराते हुए पांच-पांच वर्ष के कठोर कारावास और प्रत्येक पर तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया। दोषी फरमान, वाहिद और नवाब तीनों थाना नांगल क्षेत्र के ग्राम सबलपुर बीतरा के निवासी हैं। इनमें वाहिद थाना नांगल का हिस्ट्रीशीटर भी बताया गया है।

**तीन-तीन लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया**



## महिला से सोने के कुंडल लेकर, फ़रार हुए बाइक सवार शातिर

**स्योहारा (चिंगारी)।** बुधवार को मुरादाबाद मार्ग स्थित राजधानी होटल के सामने एक महिला ठगी का शिकार हो गई। बाइक सवार दो शातिरों ने स्वयं को 'पीर बाबा' बताकर महिला को झांसे में लिया और उसके कानों के सोने के कुंडल लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार खलीलपुर निवासी संजीदा (55 वर्ष) पत्नी वकील अहमद सामान खरीदने के लिए बाजार जा रही थी। जैसे ही वह मुरादाबाद रोड स्थित राजधानी होटल के पास पहुंची, तभी एक बुजुर्ग व्यक्ति उनके पास आया और पूछा कि क्या उन्होंने कभी 'पीर बाबा' को देखा है। महिला के मना करने पर पीछे से आए एक बाइक सवार युवक ने बुजुर्ग को 'पीर बाबा' बताते हुए कहा कि इनके आशीर्वाद से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। दोनों व्यक्तियों ने महिला को दुआ देने और सोने के कुंडल दोगुने करने का लालच दिया। उन्होंने महिला से एक कागज मंगवाया और उस पर कुछ दिखाते हुए विश्वास में ले लिया। ठगों की बातों में आकर महिला ने अपने कानों के सोने के कुंडल उन्हें सौंप दिए। कुंडल हाथ में लेते ही दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। कुछ देर बाद महिला को अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ तो उसने शोर मचाया, लेकिन तब तक आरोपी काफी दूर निकल चुके थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि महिला के साथ ठगी हुई है, इसकी जांच की जा रही है तथा सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, जल्द ही खुलासा किया जाएगा।


धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड

सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए

विशेष लोन सुविधा

Salaried Loan अब खास आपके लिए

लोन लेना हुआ और भी आसान

अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।

हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com


## जिला बार एसोसिएशन का रेवेन्यू बार की हड़ताल को समर्थन

### ई-पंजीकरण व्यवस्था के विरोध में डीएम को दिया ज्ञापन

**बिजनौर (चिंगारी)।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित ई-पंजीकरण व्यवस्था के विरोध में चल रही जिला रेवेन्यू बार एसोसिएशन की हड़ताल को जिला बार एसोसिएशन ने समर्थन दिया। बुधवार को जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन देकर अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने की मांग उठाई।



बुधवार को जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चौ. राजेन्द्र कुमार व महासचिव चौ. मनोज कुमार के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला रेवेन्यू बार एसोसिएशन की हड़ताल को अपना समर्थन दिया। डीएम को सौंपे ज्ञापन में अधिवक्ताओं का कहना है कि ई-पंजीकरण व्यवस्था लागू होने से अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों के समक्ष रोजगार और कार्यप्रणाली से जुड़ी कई समस्याएं खड़ी हो जाएंगी। उन्होंने सरकार से इस व्यवस्था पर पुनर्विचार करने और संबंधित पक्षों से वार्ता कर समाधान निकालने की मांग की। जिला बार एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहने जैसे कड़े कदम उठाने को भी बाध्य होंगे।


Hero

बाइक बिकाऊ है



हीरो की सबसे दमदार बाइक

Mavrick 440cc

पुरानी बाइक शीघ्र बिकाऊ है।

मात्र 9 किलोमीटर चली हुई।

तुरंत आवश्यकता है- कुशल मैकेनिक व हेड मैकेनिक की।

कविता मोटर्स

हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर

मो. 9289922765, 9457937407

# हरि सिंह ढिल्लो के समर्थन में जुटे प्रबंधक- शिक्षक

## सभी वर्गों के लिए कार्य कर रही सरकार- भूपेंद्र चौधरी

**बिजनौर ( चिंगारी )। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रबंधक शिक्षक सम्मेलन में बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन के लिए चुनाव की रणनीति तैयार की गई। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह ने प्रदेश व केंद्र सरकार की उपलब्धियों को तथा शिक्षक विधायक डॉ. हरि सिंह ढिल्लो के कार्यों की सराहना की। इस मौके पर कई शिक्षक संगठनों ने भाजपा प्रत्याशी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो का समर्थन करने की घोषणा की।**







जेवीएस बैंकट हॉल में बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लो के समर्थन में आयोजित प्रबंधक शिक्षक सम्मेलन में प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में फिलहाल शिक्षक विधायक व स्नातक क्षेत्र के चुनाव प्रस्तावित हैं। कार्यकर्ताओं को कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। शिक्षक विधायक व भाजपा प्रत्याशी डॉ. हरि सिंह ढिल्लो ने जिले भर से आये शिक्षकों, प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने साढ़े पांच साल में शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण करने का भरपूर प्रयास किया है। तदर्थ शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना से जोड़ा गया है। माध्यमिक तथा बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों को भी स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिलाया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान उर्फ बॉबी ने जिले के सभी कार्यकर्ताओं से मनोयोग के साथ शिक्षक निर्वाचन के लिए जुट जाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक डॉ. बीरबल सिंह तथा सहसंयोजक रामवीर सिंह मोरना ने किया। इस मौके पर वित्तविहीन शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष हरवीर सिंह तोमर, महासभा के अध्यक्ष, प्रबंधक संघ की ओर से तपेंद्र चौधरी, महाविद्यालय संघ की ओर से डॉ. संदीप शर्मा सहित कई शिक्षक संगठनों ने डॉ. हरि सिंह ढिल्लो को खुला समर्थन देने की घोषणा की।

सम्मेलन में पूर्व मंत्री व सदस्य विधान परिषद अशोक कटारिया, विधायक अशोक राणा, सदस्य विधान परिषद डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, विधायक ओम कुमार, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान 'बॉबी', पूर्व विधायक श्रीमती कमलेश सैनी, पूर्व विधायक सुखवीर सिंह, बिजनौर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह, झालू नगर पंचायत चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह, सुभाष सिंह, श्रीमती लीना सिंघल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुभाष सिंह, चौधरी धीर सिंह, डॉ. इंद्रपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख श्रीमती आकांक्षा चौहान, चौधरी ब्रजवीर सिंह, हेमेंद्र सिंह, डॉ. सुरेश सिंह, डॉ. राजीव बिश्नोई, आदेश कुमारी, विनय राणा, मास्टर कुलबीर सिंह, नीरज चौधरी, सुभाष यादव, श्रीमती शक्ति भारद्वाज मित्तल, आशीष अग्रवाल, विजेंद्र सिंह, अरविंद चौधरी, सेवा सिंह, सुरेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र शेखावत, शोभित त्यागी, ईशम सिंह, राजेंद्र सिंह, प्रशांत सिंह, राहुल राठी, विनोद राठी आदि ने विचार रखे।

## साहनपुर फीडर में बार-बार फाल्ट आने से उपभोक्ता परेशान

नजीबाबाद (चिंगारी)। साहनपुर फीडर में भीषण गर्मी के साथ बार-बार फाल्ट आने तथा बिजली आपूर्ति घंटों-घंटों के लिए बाधित होने से उपभोक्ता काफी परेशान है। पिछले तीन-चार दिन से साहनपुर फीडर की आपूर्ति दिन-रात घंटों-घंटों के लिए प्रभावित होने तथा वोल्टेज कम आने से लोगों के पंखे, कूलर व एसी शोपीस बन गये थे। वोल्टेज काफी कम होने तथा बार-बार ट्रिपिंग होने के कारण यह चल नहीं पा रहे थे। साहनपुर फीडर की बिजली एक दिन व एक रात में खराबी आने के कारण करीब पांच से आठ घंटे तक गायब रही। जिससे लोगों के इनवर्टर भी खाली हो गये तथा गर्मी में उनका बुरा हाल हो गया। साहनपुर फीडर से जुड़े उपभोक्ता अफजाल सैफी, सोहराब, सईद, रमजानी, दाउद हसन, शमशाद अहमद, सोनू, सुनील आदि का कहना है कि जरा सी बारिश व आंधी आने पर भी साहनपुर फीडर घंटों के लिए ठप हो जाता है। जबकि शहर के अन्य क्षेत्रों की बिजली व्यवस्था चालू रहती है। गर्मियों व बरसात में हर बार साहनपुर फीडर की बिजली आपूर्ति का बुरा हाल हो जाता है। इसके लिए बिजली विभाग को कोई स्थाई हल करना चाहिए। इस संबंध में एसडीओ शहरी गवेंद्र सिंह ने बताया कि साहनपुर फीडर की केबिल में खराबी आने व अन्य कारणों से आपूर्ति व वोल्टेज कम की समस्या पैदा हो गई थी। जिसे विभाग ने कई दिन लाइन पर काम करने के बाद हल कर आपूर्ति पूरी तरह से बहाल करा दी है। अब वोल्टेज व आपूर्ति बाधित होने की समस्या नहीं आएगी।

## सभी त्यौहार भाईचारे का संदेश देते है: राजकुमार

नजीबाबाद (चिंगारी)। ग्राम सभाचंदपुर भरैका निवासी सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार कश्यप ने कहा है कि सभी त्यौहार आपसी भाईचारे का संदेश देते है। उन्होंने मोहर्रम का त्यौहार शांति व सौहार्द से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोहर्रम पर ताजिये इमाम हुसैन की शहादत के शोक में निकाले जाते है। इमाम हुसैन कर्बला में यजीद की फौज से लड़ते हुए शहीद हो गये थे, लड़ाई में उनके पूरे परिवार को शहीद कर दिया गया था। इस मौके पर गौरव कश्यप, चै. अंकित, मौ. कासिम अली, चेतन शर्मा, शौकत अली, चै. शौकीन राणा, शिवदत्त शर्मा, अनिल कश्यप, मौ. मोहसिन, चै. विदेशपाल आदि मौजूद रहे।

## इकबाल चौधरी बने राष्ट्रीय लोकदल के नगर अध्यक्ष

नजीबाबाद (चिंगारी)। राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने नगर के मौहल्ला पठानपुरा निवासी इकबाल चौधरी को राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के आदेशानुसार प्रदेशाध्यक्ष रामाशीष राय व संगठन महासचिव उत्तर प्रदेश राजीव चौधरी व क्षेत्रीय अध्यक्ष रूहेलखण्ड क्षेत्र रामवीर सिंह की सहमति से उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा, सक्रियता एवं समर्पण को देखते हुए उन्हें नजीबाबाद का नगराध्यक्ष मनोनीत किया है। उनसे आशा व्यक्त की गई है कि वह पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## शादी से तीन दिन पूर्व लड़की को भगा ले गया युवक

नजीबाबाद/मंडावली (चिंगारी)। मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम सिकरौडा निवासी बेबी पत्नी स्व0 वेदप्रकाश ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि गांव का ही युवक उसकी पुत्री पर बुरी नजर रखता था तथा उसे तंग व परेशान करता था। पुत्री ने उसकी शिकायत अपनी माता से की, जिस पर उसने युवक के घर जाकर उसके माता पिता तथा उसके ताऊ से शिकायत की, जिस पर उन्होने उल्टे उसे बुरा भला कहकर तथा गाली गलौच कर घर से निकाल दिया तथा अपने पुत्र का ही साथ दिया। जिससे युवक के हौसले और बुलन्द हो गये। जिसके बाद उसने अपनी पुत्री के सुखद भविष्य हेतु उसकी शादी ग्राम मंजूपुरा थाना धामपुर में तय कर दी तथा शादी 24 जून.2026 को होना तय हुआ। इससे पूर्व ही आरोपी युवक उसकी पुत्री को जबरन उसके घर से 21 जून को दोपहर उसकी गैर हाजिरी में भगाकर ले गया। घर आते ही उसे पता चला कि घर में रखे शादी के करीब तीन लाख रूपये नकद, सोने की अंगूठी व अन्य जेवरात लेकर उक्त मुलजिमान चले गये है। उसका आरोप है कि वह थाना हाजा पर रिपोर्ट दर्ज कराने गई तो मण्डावली थाना प्रभारी ने उसकी लड़की को सकुशल वापस लाने का झांसा देकर उससे एक लाख रूपये नकद ले लिये। उसकी पुत्री की 24 जून 2026 को बारात आनी थी। जिस कारण अपनी सामाजिक छवि के खातिर मजबूरन महिला ने उक्त धनराशि थाना प्रभारी मण्डावली को दे दी थी। उक्त राशि लेने के बाद भी ना तो उसकी रिपोर्ट दर्ज नही की गई न ही उसकी पुत्री को ढूंढने का प्रयास किया गया। उधर मंडावली थाना प्रभारी राकेश कुमार ने उक्त महिला के पैसे लेने सहित सभी आरोप बुनियाद बताते हुए जानकारी दी है कि उक्त लड़की पूर्व में भी एक बार घर से चली गई थी, जिसे पुलिस ने बाद में बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया था। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।

## कक्कू फार्म में प्रेमधाम आश्रम के दिव्यांग बच्चों ने बिताए खुशियों के यादगार पल

नजीबाबाद (चिंगारी)। कोटद्वार मार्ग स्थित कक्कू फार्म हाउस में प्रेमधाम आश्रम के दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां बच्चों ने वाटर पार्क में जमकर मस्ती की तथा वह खुशी में सराबोर नजर आए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर मुस्कान व उत्साह देखते ही बन रहा था। वाटर पार्क की लहरों, खेलकूद व मनोरंजन के बीच बच्चों ने खुलकर आनंद लिया। कई बच्चों ने डांस कर अपनी भावनाएं व्यक्त कर उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। कक्कू फार्म हाउस के मालिक ने कहा कि समाज के असहाय व जरूरतमंद बच्चों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों के साथ समय बिताना व उन्हें खुशियां देना सबसे पुनीत कार्यों में शामिल है। इस अवसर पर बच्चों के लिए विशेष खानपान की व्यवस्था भी की गई ताकि उनका पूरे दिन का आनंद यादगार बना सकें। प्रेमधाम आश्रम के करीब डेढ़ सौ बच्चों ने फार्म हाउस की हरियाली, स्वच्छ वातावरण व आत्मीय स्वागत की खुलकर सराहना की। बच्चों ने कहा कि यह दिन उनके लिए लंबे समय तक यादगार रहेगा। कार्यक्रम का संचालन व मार्गदर्शन फादर लिंटो के नेतृत्व में हुआ। इस आयोजन को सफल बनाने में लक्खी, प्रदीप तथा तीन ब्रदर्स का विशेष सहयोग रहा। सभी ने मिलकर यह संदेश दिया कि समाज में प्रेम, सहयोग व सेवा की भावना ही वास्तविक मानवता की पहचान है। यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज को यह संदेश भी दे गया कि छोटे-छोटे प्रयास किसी के जीवन में बड़ी खुशियां ला सकते हैं।

## गायत्री जयंती पर दीप यज्ञ कर विश्व कल्याण की कामना की

बिजनौर (चिंगारी)। गायत्री जयंती के अवसर पर स्टेडियम के सामने स्थित गायत्री ध्यान केंद्र में दीप यज्ञ एवं आध्यात्मिक कार्यक्र म का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर गायत्री महामंत्र का सामूहिक जप किया तथा विश्व शांति, मानव कल्याण और राष्ट्र की उन्नति की कामना की। कार्यक्रम के मुख्य यजमान अभिषेक गोयल एवं गौरी गोयल रहे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुए दीप यज्ञ में श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर आहुतियां अर्पित कीं। यज्ञ के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। वक्ताओं ने कहा कि गायत्री मंत्र मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करने वाला दिव्य मंत्र है। इसके नियमित जप और साधना से व्यक्ति के विचारों में सकारात्मकता आती है तथा समाज में नैतिक मूल्यों का विकास होता है। उन्होंने गायत्री परिवार द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक एवं संस्कार निर्माण गतिविधियों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने समाज में सद्भाव, नैतिकता और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

DISTANCE AND ONLINE COURSES
➢MBA ➢MCA ➢M LIB
➢MA (JMC) ➢M.Sc
➢BBA ➢BCA ➢B LIB
➢BA (JMC) ➢B.Sc
ASIAN INSTITUTE OF HIGHER EDUCATION
MORADABAD ROAD NEAR ROOTS SCHOOL BIJNOR
PH. 9410600428, 9868264774

Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

### सूचना

**पहले मेरा नाम MOHAMMAD AHETESHAM था। अब मैने अपना नाम बदलकर MOHD AHETESHAM रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम से जाना व पहचाना जाए।**

MOHD AHETESHAM S/O LAIQUE AHMAD
R/O H.N. 216 MOH. MUGLUSHAH,
NAJIBABAD BIJNOR 246763

Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

खुल गया! मात्र 150/-* रुपये में स्कूटी प्राप्त करें खुल गया!
BHOOMI DRIVE ELECTRIC
देशहित में तेल बचायें EV अपनायें
CT CHOUDHARY TRADERS
"SMOOTH POWER, ZERO POLLUTION"
'लीथियम बैटरी 2+1 साल की गारंटी के साथ'
* नियम शर्तें लागू
कम कागजी कार्यवाही के साथ तुरंत फाइनेंस सुविधा
Shakti Chowk (Bijnor)
CHOUDHARY RUPENDRA SINGH 9799844832, 9664153231
डीलर- राघव ऑटोमोबाइल्स, नहटौर
मो. 6395545475 (प्रशांत कुमार)

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER
इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# चार कोचिंग सेंटरों पर लगाया ताला, अब पहले जैसा नहीं चलने वाला

## प्रशासन ने नगीना में कोचिंग सेंटरों पर मारे छापे

**नगीना ( चिंगारी )। बुधवार को कोचिंग/लाइब्रेरी सेंटरों के सुरक्षा मानकों को परखने पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अमले के सामने कोचिंग/लाइब्रेरी सेंटर के संचालकों ने ऐसे जवाब दिए कि अधिकारी सेंटरों को बंद करने के लिए विवश हो गए।**

बुधवार की दोपहर करीब 12 बजे एसडीएम प्रिंस कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी, नायब तहसीलदार श्याम सुंदर, अग्निशमनकर्मियों के साथ कोचिंग/लाइब्रेरी सेंटर पर मौजूद सुरक्षा मानकों की जांच करने के लिए निकल पड़े। अच्छे खुशनुमा माहौल में अधिकारी सबसे पहले हिंदू इंटर कॉलेज के सामने स्थित कोचिंग सेंटर पर पहुंचे। वहां सुरक्षा मानकों की कमी पाये जाने पर केंद्र संचालक को इसमे तत्काल सुधार करने की चेतावनी देकर आगे बढ़ गए। इसके बाद अधिकारी धामपुर मार्ग पर स्थित स्मार्ट प्वाइंट के ऊपर बने नगीना रीडिंग स्पेस केंद्र पर पहुंचे तो ऊपरी मंजिल पर जाने के लिए मौजूद तंग व खड़ी सीढ़ियों को देखकर अधिकारियों का मूड खराब हो गया। रही सही कसर अंदर दाखिल होने के बाद क्षमता से अधिक बच्चों को पढ़ते देखा तो मानो जैसे कार्रवाई करने का माहौल तैयार हो गया। वहां मौजूद युवा संचालक से जब एसडीएम ने सवाल पूछा कि इन सीढ़ियों के अलावा निकासी के लिए दूसरा रास्ता कौन सा है, तो वह मुस्कुराते हुए सड़क की तरफ मौजूद शीशे की खिड़की की ओर इशारा करने लगा। लाइब्रेरी संचालक की इस हरकत ने वहां मौजूद अधिकारियों को लाइब्रेरी सेंटर बंद करने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने तत्काल वहां मौजूद विद्यार्थियों से बाहर निकलने तथा पुलिस से तुरंत इस सेंटर पर ताला लगाकर नोटिस चस्पां करने के निर्देश दे दिए।

इसके बाद पूरी टीम अंबेडकर नगर में स्थित प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र पर पहुंची, जहां मौजूद संचालक के जवाब ने भी दोनों अधिकारियों का मूड खराब कर दिया। एस डी एम ने वहां मौजूद सेंटर संचालक से सीढ़ियों के एक ही रास्ते के बाद दूसरे निकासी के रास्ते के बारे में सवाल किया तो उसने बहुत अटपटा जवाब दे दिया। सीढ़ियों के नीचे सड़क पर समाप्त होने के बाद उसमें दो रास्ते बने हुए थे, केंद्र संचालक ने एसडीएम को इन दो रास्तों की बात समझाने का प्रयास किया तो वह बिखर गए। उन्होंने सवाल किया कि मालूम है कि आप किससे बात कर रहे हैं, बाद में संचालक ने इसके लिए गलती मानी। इसके बाद इस सेंटर को भी बंद करने के निर्देश जारी करने पड़े। कमोबेश यही हालत दो अन्य बंद किए गए कोचिंग सैंटरों की भी रही, जहां संचालक बेतुका जवाब देते नजर आए। हालांकि जो कोचिंग/लाइब्रेरी सेंटर के संचालक प्रशासनिक अधिकारियों को अपनी बात सही से बताने में कामयाब हो गए, उन्हें उन्होंने चेतावनी देकर छोड़ दिया।

### अग्निशमन विभाग की उदासीनता नजर आई

*कोचिंग/लाइब्रेरी सेंटर के निरीक्षण के दौरान दमकल कर्मियों की अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीनता साफ दिखाई दी। सभी कोचिंग/लाइब्रेरी सेंटर पर अग्निशमन सुरक्षा मानकों की संचालकों द्वारा अनदेखी करने का मामला साफ दिखाई दिया, हालांकि लखनऊ की घटना के बाद ही अग्निशमनकर्मियों द्वारा सभी सेंटर पर जाकर खाना पूर्ति करने की रस्म अदायगी करने की बात भी सामने आई है। हालांकि इन सब के बावजूद सभी कोचिंग/लाइब्रेरी सेंटर पर सुरक्षा मानक पूरी तरह अधूरे दिखाई दिए। प्रशासनिक अधिकारियों के स्पष्ट और तुरंत कार्रवाई करने की आदेश के बाद भी अग्निशमनकर्मी बुधवार रात तक भी बंद किए गए कोचिंग/लाइब्रेरी सेंटर पर नोटिस चस्पां नहीं कर पाए।*


नगीना में एक कोचिंग सेंटर पर बच्चों से बात करते एसडीएम व सीओ।

### बंद कराए गए कोचिंग/लाइब्रेरी सेंटर

1. प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र, अंबेडकर नगर, नगीना।
2. नगीना रीडिंग स्पेस, धामपुर रोड, नगीना।
3. कपूर लाइब्रेरी, निकट गांधी मूर्ति, नगीना
4. नगीना कोचिंग सेंटर, आंबेडकर नगर, नगीना

## किरतपुर में बेसमेंट में चल रहा कोचिंग सेंटर सील


कोचिंग सेंटर का निरीक्षण करते हुए एसडीएम व सीओ।

**किरतपुर ( चिंगारी )।** एसडीएम नजीबाबाद शैलेन्द्र कुमार सिंह व सीओ आकांक्षा गौतम ने कल नगर में गुरुकुल लाइब्रेरी व स्टडी प्वाइंट लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। स्टडी प्वाइंट लाइब्रेरी में फायर सेफ्टी शून्य मिली। साथ ही एक ही निकास द्वार मिलने पर उसे मौके ही सील कर दिया। एसडीएम ने बताया कि किरतपुर में बेसमेंट में संचालित सेंटर को सील किया गया है। अन्य सेंटर संचालितों को नोटिस देकर एक सप्ताह में फायर उपकरण, दो निकास द्वार, दो सीढ़ियां व रेलिंग का काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर अग्निशमन केंद्र प्रभारी केएस जौदान आदि मौजूद रहे। नगर में इसके अलावा गली मोहल्लों में भी काफी कोचिंग सेंटर चल रहे है।

## नाजिया इलाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**किरतपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा, किरतपुर के कार्यकर्ताओं ने नाजिया इलाही खान के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि नाजिया इलाही द्वारा सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित किया गया है, जिसमें पैगम्बर मोहम्मद साहब और इस्लाम धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणियां की गई हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इन टिप्पणियों से मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाएं गंभीर रूप से आहत हुई हैं। डॉ. अमजद नगर अध्यक्ष, अल्पसंख्यक मोर्चा, किरतपुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे इस अत्यंत संवेदनशील विषय पर राष्ट्रपति का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। ऐसे वीडियो सामाजिक सद्भाव के लिए खतरा हैं। ऐसे लोगों पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर अज़ीम अंसारी, फिरोज़ कादरी, शादाब खान, मो. अबुज़र, जुल्फिकार अहमद, नसीम अहमद, मोबिन अहमद, नदीम अहमद, फिरोज़ अंसारी, अनस अली, मो. हामिद, शमीम अंसारी, रशीद अहमद, उसमान अहमद जमाल शैख, नवाब बेग, इरफान अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

## कोचिंग सेंटर्स में बढ़ती दुर्घटनाएं चिंता का विषय : सुरेंद्र मलिक

### बाद में जांच पड़ताल नहीं, पहले सुरक्षा मापदंड चैक हों : गय़्यूर आसिफ़

**बिजनौर ( चिंगारी )। महीने भर के अंतराल में देश तथा उत्तर प्रदेश की राजधानी में हुई कोचिंग सेंटर्स में अग्नि दुर्घटनाओं को लेकर जहां एक ओर शासन प्रशासन जांच पड़ताल तथा इंक्वायरी समिति गठित करने में लगा है वहीं दूसरी ओर छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों तथा समाज के अन्य वर्गों में ऐसी हृदय विदारक घटनाओं को लेकर चिंता, शोक एवं आक्रोश व्याप्त है।**



वरिष्ठ शिक्षक नेता एवं सेवानिवृत प्रधानाचार्य सुरेंद्र मलिक तथा राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर के प्रधानाचार्य गय़्यूर आसिफ़ ने दिल्ली के मालवीय नगर तथा लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में हुए भीषण अग्निकांड पर गहरा दु:ख प्रकट करते हुए दोनों दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले नौजवान बच्चों के परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की है। विज्ञप्ति में कहा गया है की दुर्घटना होने के बाद की जाने वाली इंक्वारी, जांच पड़ताल तथा खानापूरी की कार्यवाही से बेहतर है कि शासन प्रशासन बड़े नगरों में संकीर्ण क्षेत्र में स्थापित किए गए ऐसे कोचिंग सेंटर तथा प्रतिष्ठानों पर पहले ही मापदंडों की अनदेखी को गंभीरता से ले, ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज, बिजनौर के कार्यवाहक प्रधानाचार्य तथा उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ ने इन घटनाओं पर गहरा दुख प्रकट करते हुए कहा कि इन घटनाओं में जान गंवाने वाले नवयुवक एवं युवतियां किसी एक घर का चिराग़ नहीं, बल्कि भारत का भविष्य थे। देश भर में संचालित सभी कोचिंग संस्थान की भली-भांति जांच की जाए तथा सुरक्षा उपायों के लिए निर्धारित नियमों के अनुपालन को कड़ाई से सुनिश्चित किया जाए।

## उद्योग एवं व्यापार बंधु की बैठक में उठाये गये जनहित के कई मुद्दे



**बिजनौर ( चिंगारी )।** महात्मा विदुर मीटिंग हॉल, कलेक्ट्रेट बिजनौर में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक संपन्न हुई। बैठक में व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं एवं जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। बैठक में जिला महामंत्री मुनीश त्यागी ने शहर में ई-रिक्शा संचालन की अव्यवस्था से उत्पन्न जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया तथा रोडवेज बस स्टैंड के संचालन हेतु पूर्व की भांति तीन मार्ग किए जाने का सुझाव दिया, जिससे बसों का संचालन सुचारु हो सके। व्यापारी नेता शिवम अवस्थी ने कहा कि बेहतर ट्रांसपोर्ट व्यवस्था होने से बिजनौर का व्यापार और अधिक विकसित हो सकता है। उन्होंने फैब इंडिया द्वारा जैकेट निर्माण का लगभग 50 प्रतिशत कार्य अमरोहा एवं बिजनौर में होने का उल्लेख करते हुए बेहतर परिवहन व्यवस्था की आवश्यकता बताई। प्रांतीय संगठन मंत्री बी.एस. राजपूत ने मानसरोवर आवासीय समिति के बाहर जिला पंचायत द्वारा बनाए गए नाले में अनियमितताओं एवं कार्य अधूरा छोड़ने की शिकायत जिलाधिकारी के समक्ष रखी। साथ ही ग्राम बशीरपुर की पुलिया निर्माण का विषय भी रखा, जिस पर जिलाधिकारी ने अपने कोटे से पुलिया बनवाने का आश्वासन दिया। बैठक में नगीना मार्ग के बहुप्रतिक्षित रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण शुरू करने हेतु डीएम साहिबा ने रेलवे से शीघ्र वार्ता का आश्वासन दिया। जिला हेडक्वार्टर पर मंडी समिति की भूमि का शीघ्र अधिग्रहण का भी आश्वासन मिला। बैठक में व्यापार मंडल के जिला महामंत्री मुनीश त्यागी, प्रांतीय संगठन मंत्री बी.एस. राजपूत, डॉ. जमीरउद्दीन उस्मानी, अरविंदर सिंह, पीयूष मित्तल, शिवम अवस्थी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भरत भूषण तिवारी के 'हत्यारों' को फांसी की सजा की मांग



### ब्राह्मण विकास समिति ने प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** ब्राह्मण विकास सेवा समिति ने बिहार में जनहित के मुद्दों को उठाने वाले भरत भूषण तिवारी को आत्म समर्पण करने के बाद भी पुलिस द्वारा मुठभेड़ में मार दिये जाने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर उनको फांसी दिए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया ।समिति के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णवीर शर्मा फौजी व प्रदेश महासचिव नीरज तिवारी एडवोकेट के नेतृत्व में कार्यकर्ता तहसील पहुंचे तथा प्रदर्शन किया। प्रदर्शन व ज्ञापन देने वालों में कृष्णवीर शर्मा फौजी, नीरज तिवारी एडवोकेट, डा. विनोद कुमार शर्मा, डॉ. विपिन शर्मा, संदीप शर्मा होटल वाले, संजीव शर्मा एडवोकेट, अजय शर्मा एडवोकेट ,वीरेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, विजय सिंह एडवोकेट, चौधरी वीर सिंह, नागेश्वर शर्मा एडवोकेट, उदित शर्मा, बुद्ध प्रकाश शर्मा, विकास शर्मा विक्की पत्रकार, तोमर दत्त शर्मा, अतुल शर्मा, रितुल शर्मा, प्रशांत शर्मा, राजीव शर्मा किराना वाले आदि शामिल रहे।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, किरतपुर ( बिजनौर )**

**अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 ( 2 ) यू.पी. म्यू एक्ट 1916**

समस्त प्रभावितों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री राजीव कुमार पुत्र स्व. श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद नि. मौहल्ला सिंघाड़ियान किरतपुर जिला बिजनौर ने नगर पालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति सं. 246/1 स्थित मौहल्ला सिंघाड़ियान में श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद पुत्र फकीरचन्द के नाम के स्थान पर अपना नाम श्री राजीव कुमार पुत्र स्व. श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद अंकित किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें उन्होंने ला. आदेश कुमार जैन पुत्र जयप्रकाश जैन व अरविन्द कुमार जैन पुत्र ला. आदेश कुमार जैन नि. मौहल्ला झण्डा किरतपुर द्वारा राजीव कुमार पुत्र ला. ज्ञानेश्वर प्रसाद नि. मौहल्ला कमकरान किरतपुर के नाम हुए रजिस्टर्ड बैनामे की छाया प्रति संलग्न कर उपरोक्त सम्पत्ति संख्या 246/1 स्थित मौहल्ला सिंघाड़ियान कस्बा किरतपुर में अपना नाम श्री राजीव कुमार पुत्र श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद नि. मौहल्ला सिंघाड़ियान किरतपुर का नाम पालिका गृहकर रिकार्ड में अंकित कराने की प्रार्थना की है। उक्त सम्पत्ति में नगर पालिका गृहकर अभिलेख में प्रार्थी के पिताजी श्री ज्ञानेश्वर रस्तोगी पुत्र फकीरचन्द रस्तोगी नि. मौहल्ला सिंघाड़ियान किरतपुर का नाम चला आ रहा है, परन्तु उक्त सम्पत्ति जिसका सम्पत्ति संख्या 246/1 का बैनामा श्री राजीव कुमार पुत्र श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद नि. मौहल्ला कमकरान किरतपुर हाल नि. मौहल्ला सिंघाड़ियान किरतपुर के नाम पर है।

अत: समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा विवाद की स्थिति आवेदन स्वत: निरस्त माना जाएगा।

विवरण:- सम्पत्ति संख्या 246/1 श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद पुत्र फकीरचन्द (आवासीय) स्थित मौहल्ला सिंघाड़ियान किरतपुर (बिजनौर)।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद किरतपुर।**
**किरतपुर ( बिजनौर )**

## लिंटर को ढूला गिरने से तीन मजदूर घायल

**नूरपुर ( चिंगारी )।** बुधवार की अपराह्न यहां स्योहारा रोड स्थित मौहल्ला रामनगर में एक निर्माणाधीन मकान का लिंटर का ढूला गिरने से मौके पर काम कर रहे तीन मजदूर घायल हो गए। आनन-फानन में घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। संदीप के निर्माणाधीन मकान की तीसरी मंजिल का काम चल रहा था कि अचानक ममटी के लिंटर का ढूला भरभरा कर गिर गया, जिसमें नीचे काम कर रहे राजा का ताजपुर निवासी मजदूर अनिल, आशीष और बंटी गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन घायलों को मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उनका उपचार जारी है। लिंटर के ढूले का मलवा नीचे गिरते ही रिहायशी इलाके में मिट्टी का धुंआ छा गया। आसपास के लोग घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े और राहत कार्य में हाथ बटाने लगे। सूचना पर डायल 112 पुलिस ने भी घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस का कहना है कि घटना के सम्बंध में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।



ॐ

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।

शोक संदेश



॥ ॐ शांति ॥

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
हमारी पूजनीया माता जी
**श्रीमती पुष्पा चक्रवर्ती जी**
(धर्मपत्नी श्री पी.सी. चक्रवर्ती जी)
का स्वर्गवास रविवार दिनांक 14 जून 2026 को हो गया है।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। दिवंगत आत्मा की सद्गति एवं शान्ति हेतु
शोक श्रृद्धांजलि का कार्यक्रम निम्नवत है।

**रस्म पगड़ी एवं श्रृद्धांजलि सभा**
**दिनांक : 26 जून 2026, शुक्रवार**
हवन (निज निवास श्रवणपुर)............................ प्रातः 9.00 बजे
ब्रह्मभोज.............................................. दोपहर 12.00 बजे
रस्म पगड़ी एवं श्रृद्धांजलि सभा ........................ दोपहर 2.00 बजे

**स्थान : सप्तपदी बैंकेट हॉल**
नजीबाबाद-कोतवाली रोड, श्रवणपुर (बिजनौर)

**शोकाकुल परिवार**
नन्दराम चक्रवर्ती-सुशीला चक्रवर्ती (देवर-देवरानी)
मनोज-सिमरन, योगेश-यशोदा, निर्देश-प्राची, देवेश-रुचि, शुभम-ऋतु (पुत्र-पुत्रवधु)
प्रीति चक्रवर्ती-योगेन्द्र पाल आर्य (पुत्री-दामाद)
संदीप-श्रुति, रणदीप-अनिता, राहुल-मालविका (भतीजा-वधु)
उत्कर्ष, सक्षम, श्रेष्ठ, श्रीजय, ओजस, अद्वैत, श्रेया, आद्या, ओजस्वी (पौत्र-पौत्री)
श्रुति, श्रेय (धेवता-धेवती) एवं समस्त चक्रवर्ती परिवार

**निवास :** नजीबाबाद-कोतवाली रोड, ग्राम श्रवणपुर, जिला बिजनौर
मो. 9457327272, 9837402179, 8800518939, 9799498383

## कीचड़ से अट गई पुलिया, कब सुधरेगा इसका हुलिया?

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** यहां मुख्य बाजार में थाने के समीप और इंटर कॉलेज के सामने स्थित पुलिया के मिट्टी, कीचड़ से अट जाने के कारण बरसात के पानी की त्वरित निकासी न हो पाने से बारिश होते ही आसपास की सड़क तालाब बन जाती है, दुकानों में गंदा पानी भर जाता है तथा इंटर कॉलेज में भी काफी जलभराव हो जाता है। बूढ़ी हो चुकी दशकों पुरानी पुलिया का स्लैब भी क्षतिग्रस्त होने लगा है। समस्या के समाधान हेतु दुकानदारों, ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी से पुलिया के पुनर्निर्माण की मांग की है।

पुलिया के अंदर इतनी मिट्टी और कीचड़ जमा हो चुकी है कि मिट्टी, कीचड़ उसके स्लैब को छू रही है। रोजमर्रा का हल्का पानी तो पुलिया से किसी तरह निकल जाता है, मगर बारिश का ज्यादा पानी पुलिया से निकलने में कई घंटे लगते हैं। पुलिया का स्लैब सड़क के तल के लगभग बराबर ही होने के कारण इसकी सफाई भी संभव नहीं है। एक-दो बार जेसीबी मशीन से भी पुलिया की सफाई कराने के प्रयास किये जा चुके हैं, मगर पुलिया की पूरी सफाई संभव नहीं हो पाई थी। इस पुलिया से आधे से ज्यादा नांगल का पानी गुजरता है। पुलिया मिट्टी, कीचड़ से पूरी तरह से अट जाने के कारण थोड़ी सी बारिश होते ही पुलिया के समीप बाजार में भारी जलभराव हो जाता है।


मिट्टी, कीचड़ से अटी पड़ी नांगल के मुख्य बाजार की पुलिया।

### इनका कहना है...

**पुलिया के निरीक्षण हेतु सहायक अभियंता ( एई ) को निर्देशित किया गया है। यदि आवश्यक होगा तो पुलिया के पुनर्निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजा जायेगा।** - शैलेन्द्र कुमार सारस्वत, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी नजीबाबाद

# देवपूजन व विचार गोष्ठी के साथ, चाई महोत्सव हुआ समाप्त

## हमारी संस्कृति बचाने का अनूठा आयोजन है चाई महोत्सव : जदली



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जयहरीखाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम चाई में आयोजित त्रिदिवसीय चाई ग्रामोत्सव का बुधवार को देवपूजन, विचार गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया है । इस अवसर पर समृद्ध उत्तराखंड राज्य के लिए पर्वतीय क्षेत्र में स्थित गांव व ग्राम्य संस्कृति को बचाने की जोरदार वकालत की गई। ग्रामोत्सव के अंतिम दिन आयोजित समापन समारोह का मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख जयहरीखाल रणवीर सिंह सजवाण ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में निवास करती है। गांव के समग्र विकास से ही राष्ट्र का विकास होगा। कहा कि गांव में रोजगार के नए अवसर सृजित करने होंगे, जिससे पलायन रुके और ग्रामीण समाज आत्मनिर्भर बन सके। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी किशोर जदली ने ग्रामोत्सव को पहाड़ की धरोहर बताते हुए कहा कि यह महोत्सव गांव बचाने के साथ-साथ हमारी संस्कृति व परंपरा को बचाने का भी अनूठा आयोजन है। इसके बाद अनेक लोक कलाओं का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान देव स्तुति के माध्यम से गढ़वाल की देव संस्कृति का सजीव चित्रण किया गया। लोक गायक सुशील स्नेहवाल व धर्मेंद्र रावत ने अपनी भजन प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि दर्शक भाव विभोर होकर झूमते रहे। स्कूली बच्चों एवं नन्हे बाल कलाकारों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ ग्रामोत्सव का समापन किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अशोक बुड़ाकोटी, जगमोहन बुडाकोटी, दीपक बुडाकोटी, शेखर बुडाकोटी, जगमोहन बुडाकोटी और डॉ. पदमेश बुडाकोटी सहित समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

# मोमबत्तियां जलाकर दी तिवारी को श्रद्धांजलि

**धामपुर ( चिंगारी )।** बिहार के भोजपुर में भरत भूषण तिवारी की कथित रूप से पुलिस द्वारा दिनदहाड़े की गई निर्मम हत्या के विरोध में मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री राधा कृष्णमंदिर में सर्व ब्राह्मण महासभा एवं ब्राह्मण सभा, पंजीकृत के संयुक्त तत्वावधान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें घटना की घोर निंदा करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। शोकसभा के पश्चात भगत सिंह चौक पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत आत्मा की शांति की परमात्मा से प्रार्थना की गई। वक्ताओं ने कहा कि यदि घटना में पुलिसकर्मियों की संलिप्तता पाई जाती है तो दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर कठोर दंड दिया जाना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही मृतक भरत भूषण तिवारी के परिजनों को एक करोड़ रुपये का आर्थिक मुआवजा प्रदान किया जाए तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। शोक सभा की अध्यक्षता अनिल शर्मा एडवोकेट ने की, जबकि संचालन मनोज कात्यायन ने किया। शोक सभा में हरीश शर्मा, सीताराम शर्मा, विवेक शर्मा, शिवांश शर्मा, नवकेतन शर्मा, नवचेतन शर्मा, गौरव शर्मा, आदि शर्मा, संदीप शर्मा, संजीव शर्मा, संजू शर्मा, गौरव दुबे, परितोष शास्त्री, नगर अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र कौशिक, डॉ. शंकर दत्त भारद्वाज सहित गणमान्य ब्राह्मण समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# सीओ अंजनी कुमार का स्वागत किया



**धामपुर ( चिंगारी )।** महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा बिजनौर के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में कैलाश सिंह, ओम प्रकाश सिंह, जितेंद्र कुमार, महेंद्र पाल सिंह एवं प्रेम कुमार ने सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान क्षेत्र की सामाजिक व्यवस्था, कानून-व्यवस्था एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने सीओ साहब का स्वागत एवं सम्मान करते हुए उनके द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। सीओ अंजनी कुमार ने भी सभी का आभार व्यक्त करते हुए समाज में शांति, सौहार्द एवं सहयोग बनाए रखने की अपील की।

# जिलाधिकारी स्वाति भदौरिया ने दौरा किया विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया

## मैंदणी में ग्रामीणों ने ढोल, दमाऊं, चौफला गायन से स्वागत किया



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों में विकास योजनाओं की प्रगति, जनसमस्याओं के समाधान और विभागीय व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत जानने के उद्देश्य से जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने रिखणीखाल विकास खंड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ताड़केश्वर महादेव मंदिर से लेकर दुर्गम ग्राम मैंदणी तक विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर विकास कार्यों एवं जनसुविधाओं की समीक्षा की। जिलाधिकारी के मैंदणी गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर आयोजित जन चौपाल में ग्रामीणों ने खुलकर अपनी समस्याएं और सुझाव रखे।

जिलाधिकारी सबसे पहले ताड़केश्वर महादेव मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने पूजा अर्चना की तथा मंदिर परिसर, धर्मशाला, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पुजारी संदीप सकलानी से मंदिर की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने मंदिर जाने वाले मार्ग पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने के साथ ही शौचालय व बेंच आदि की मरम्मत करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने देवियोंखाल में ग्रामोत्थान परियोजना एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से संचालित मातृशक्ति आजीविका आउटलेट का उद्घाटन किया। इसके बाद जिलाधिकारी विकासखंड के दुर्गम गांव मैंदणी पहुंचीं, जहां ग्रामीणों ने पारंपरिक ढोल-दमाऊं, स्वागत गीत एवं चौंफला गायन के साथ उनका स्वागत किया। गांव की बुजुर्ग महिलाओं द्वारा प्रस्तुत लोक संस्कृति और परंपरा से अभिभूत उन्होंने ग्रामीण महिलाओं की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने में गांवों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ग्रामवासियों के साथ आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। जनसंवाद में गांव में पेयजल समस्या प्रमुखता से उठी। जिलाधिकारी ने शहीद हरेन्द्र सिंह रावत मेमोरियल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रिखणीखाल का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने प्रसव सेवाओं, दवा उपलब्धता, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, पेयजल, शौचालय और स्वच्छता व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि रोस्टर के अनुसार प्रत्येक रात्रि में चिकित्सक की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा प्रमुख दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें। इमरजेंसी कक्ष की स्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने तत्काल मरम्मत एवं विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने राजस्व उपनिरीक्षकों की बैठक लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण, फार्मर रजिस्ट्री, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तथा राजस्व कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने डिजिटाइजेशन कार्यों में अपेक्षित प्रगति न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

इस दौरान ब्लॉक प्रमुख रेनू रावत, डीडीओ मनविंदर कौर, एसडीएम शालिनी मौर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. शिवमोहन शुक्ला, अर्थ एवं संख्या अधिकारी राम सलोने, अधिशासी अभियंता जल संस्थान अभिषेक वर्मा, जल निगम के अजय बेलवाल, विद्युत विभाग के बेगराज सिंह, लोक निर्माण विभाग के विवेक कुमार, बीडीओ देवेश पंत, ग्रामोत्थान परियोजना अधिकारी कुलदीप बिष्ट, तहसीलदार विद्यादत्त सेमवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# घुसकर घर के अंदर, नुकसान कर रहे बंदर



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत शहरी व भाबर क्षेत्र के लोग इन दिनों बंदरों के आतंक से परेशान हैं। बंदरों का घरों में घुसकर नुकसान करना आम बात हो गई है। बंदरों के डर से लोग कपड़े छत पर सुखाने में डर महसूस कर रहे हैं। क्योंकि बंदर तार पर टंगे कपड़ों को फाड़ रहे हैं। कोई इन बंदरों को भगाने का प्रयास करता है, तो बंदर उसके पीछे काटने के लिए दौड़ रहे हैं। कोटद्वार नगर निगम के शिवपुर व झगड़ सिंह कालोनी में रोज बंदर उत्पात मचा रहे हैं, हालांकि नागरिकों की ओर से इस समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रशासनिक अफसरों को ज्ञापन भी दिया जा चुका है, लेकिन अभी तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। बुधवार को स्थानीय नागरिक शुभम, जयपाल, मनोज सिंह, अनिल कुमार व जी के बड़थ्वाल आदि ने बताया कि बंदरों के आतंक की वजह से बुजुर्ग लोग घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। बताया कि ऐसी गर्मी में उनको परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# 28 जून से एक सप्ताह तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय बेस चिकित्सालय की ओर से 28 जून से 4 जुलाई तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

जानकारी देते हुए चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक डा. विजय सिंह ने बताया कि अभियान की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ अभियान की रणनीति और व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी। 27 जून को बूथ कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 28 जून को विभिन्न बूथों पर पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद 29 जून से 4 जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। मौके पर उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने और अभियान को सफल बनाने की अपील की।

# पाठियूं में सिद्धबाबा पूजन महोत्सव का समापन सिद्धबाबा की डोली को कराया गांव में भ्रमण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जयहरीखाल ब्लाक के अंतर्गत ग्राम पंचायत बडगांव के तोक ग्राम पाठियूं में आयोजित दो दिवसीय सिद्धबाबा पूजन महोत्सव का बुधवार को भंडारे के साथ समापन हो गया है। महोत्सव में बड़ी संख्या में प्रवासी ग्रामीणों ने शिरकत की, जिससे गांव में भी रौनक नजर आई।

मंगलवार को प्रथम दिवस पर सुबह आचार्य रामदयाल शास्त्री ने सिद्धबाबा की पूजा अर्चना की। तत्पश्चात दिन में महिला मंगल दल ने कीर्तनों की प्रस्तुतियां दी। रात को सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। बुधवार सुबह सिद्धबाबा की डोली को गांव भ्रमण कराया गया। इस दौरान डोली सभी ग्रामीणों के घरों में पहुंची, जहां ग्रामीणों ने डोली से आशीर्वाद लिया। डोली के मंदिर में पहुंचने पर पूजा अर्चना की गई। इसके बाद हवन और भंडारे के साथ ही महोत्सव का समापन हुआ। महोत्सव में बड़ी संख्या में प्रवासी ग्रामीणों के शिरकत करने से गांव में रौनक नजर आई।

# एनएचआई अफसरों ने चिड़ियापुर क्षेत्र को कराया अतिक्रमण मुक्त

## अवैध रुप से लगे होर्डिंग्स एवं साइन बोर्ड हटवाये



**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया एनएचएआई के अधिकारियों ने बुधवार को चिड़ियापुर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया। अभियान का मकसद हाईवे को अतिक्रमण मुक्त करना और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। चिड़ियापुर क्षेत्र नजीबाबाद हरिद्वार रोड का व्यस्त इलाका है । चिड़ियापुर में दुकानों व ढाबे के आगे हाईवे की जमीन पर अवैध रूप से लगे साइन बोर्ड, होर्डिंग, लगा कर हाईवे पर अतिक्रमण किया हुआ था, जिससे हाईवे पर आगमन करने वाले वाहनों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। वहीं हाईवे के अधिकारियों द्वारा दुकानदारों को साइन बोर्ड रोड साइड से हटाने के लिए पूर्व में भी सचेत किया गया लेकिन किसी ने भी साइन बोर्ड को नहीं हटाया। बुधवार को एनएचएआई के अधिकारियों की टीम जेसीबी ट्रैक्टर ट्राली सहित मौके पर पहुंची। टीम ने जेसीबी मशीन से साईन बोर्ड को हटाकर हाईवे से अतिक्रमण मुक्त कराया। कुछ दुकानदारों ने विरोध किया पर कुछ ने स्वयं ही बोर्डों को हटाया। एनएचएआई के अधिकारियों ने कहा कि दोबारा अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी।

# ई-रजिस्ट्रीकरण योजना के विरोध में अधिवक्ताओं की हड़ताल 13वें दिन जारी

## उप निबंधक कार्यालय को प्रतिदिन हो रहा 20 लाख का नुकसान

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ई-रजिस्ट्री निजीकरण किये जाने की प्रस्तावित योजना के विरोध में तहसील परिसर स्थित निबंधन कार्यालय पर बार एसोसिएशन द्वारा की गई अनिश्चित तालाबंदी और हड़ताल आज 13वें दिन भी जारी रही। इस मौके पर धरने पर मौजूद अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार किया और सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। हड़ताल को लेकर उप निबंधक कार्यालय के रजिस्टार चंद्र रेनू विक्रम सिंह ने बताया कि ई-रजिस्ट्री के विरोध में चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण उप निबंधन कार्यालय, धामपुर को प्रतिदिन 25 लाख रुपए का नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि स्टांप की बिक्री न होने और फीस जमा न होने से विभाग को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष भोपाल सिंह व सचिव सरफराज अहमद ने बताया कि सब रजिस्ट्री कार्यालय से लगभग 400 अधिवक्ता, 24 दस्तावेज लेखक, 14 टाइपिस्ट और 12 स्टांप बेडरो का रोजगार जुड़ा हुआ है। यदि सरकार ने ई-रजिस्ट्री प्रणाली लागू कर दी, तो इससे काफी लोगों का रोजगार प्रभावित हो सकता है। फिलहाल रजिस्ट्री कार्यालय पर हड़ताल होने के कारण इससे जुड़े हुए लोगों को अपने घर परिवार का खर्च वहन करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



धरने पर बैठे हुए अधिवक्ता और कातिब को ।

# चिंगारी में छपे समाचार ने ऐसा असर डाला जर्जर इमली के पेड़ पर चल ही गया आरा

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर के एक परिवार की पहचान इमली के पेड़ के कारण 'इमली वालों का परिवार' के नाम से होती थी। अब उस पेड़ की आयु पूरी हो जाने के कारण कल बुधवार की शाम वन विभाग, नगर पालिका और विद्युत विभाग की संयुक्त टीम ने पेड़ को काटकर जनता को गंभीर दुर्घटना होने से बचा लिया। नगर की बड़ी मंडी में मोहल्ला गुजरातियान निवासी बूलचंद फकीरचंद के नाम से खांडसारी की आढ़त का व्यापार देश की आजादी के पूर्व से होता था। उनकी आढ़त के पास ही एक इमली का पेड़ लगा हुआ था जिसे अंग्रेज अधिकारी ने जब बड़ी मंडी की स्थापना की थी तो उस समय लगाया गया था। इस पेड़ के कारण बूलचंद फकीरचंद के परिवार की पहचान इमली वालों के नाम से होने लगी। अब इसी परिवार के उमेश गोयल बड़ी मंडी में सर्राफ का कारोबार करते हैं। समय बीतने के साथ यह पेड़ अब जर्जर हालत में पहुंच गया था। जड़े कमजोर हो गई थीं, तने बिजली के तारों पर लटक गए थे जिससे गंभीर दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई थी। इस समस्या को देखते हुए बड़ी मंडी के व्यापारियों ने नगर पालिका और वन विभाग से इस पेड़ को काटे जाने का अनुरोध किया और सांध्य दैनिक चिंगारी ने भी समाचार को प्रमुखता से छापा जिस पर कल शाम वन विभाग की टीम बड़ी मंडी पहुंची और नगर पालिका और विद्युत विभाग की टीम को बुलाकर व्यापारियों के सुझाव पर इस पेड़ को काट दिया गया।



कटा हुआ इमली का पेड़।

# मजार प्रकरण को लेकर जिले के प्रभारी मंत्री से मिले डॉ. एनपी सिंह

## महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा ने सीओ से भेंट की



राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल से मिलते हुए डॉ. एनपी सिंह।

**धामपुर ( चिंगारी )।** हिंदू युवा वाहिनी के वर्तमान मंडल प्रभारी डॉ. एनपी सिंह ने कल कपिल देव अग्रवाल मंत्री व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग एवं प्रभारी जनपद बिजनौर से भेंट की। इस दौरान उन्होंने धामपुर में टीचर्स कॉलोनी स्थित पीर बाबा नासिर मियां की मजार के संदर्भ में जानकारी दी और व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास योजना संबंधित बिन्दुओं पर चर्चा कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इनके अलावा महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में कैलाश सिंह, ओम प्रकाश सिंह, जितेंद्र कुमार ,महेंद्र पाल सिंह, प्रेम कुमार आदि ने पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी से उनके कार्यालय में भेंट की। इस दौरान क्षत्रिय बंधुओ ने सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी द्वारा टीचर्स कॉलोनी स्थित मजार के पास से गुजरने वाले रास्ते पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के कार्य की सराहना की और उनसे अनुरोध किया कि इस मामले में जनहित को सर्वोपरि रखकर कार्य किया जाना चाहिए सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने उनसे शांति, सौहार्द एवं सहयोग बनाए रखने की अपील की।

# स्विमिंग पूल में डूबे बालक की उपचार के दौरान मौत



**नहटौर ( चिंगारी )।** स्विमिंग पूल में डूबे बालक की उपचार के दौरान मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। मोहल्ला अफगानान निवासी जीशान (15 वर्ष) पुत्र भूरे अपने साथियों के साथ 28 मई को धामपुर क्षेत्र स्थित वाटर पार्क में गया था। नहाने के दौरान वह डूब गया था, जिसे निकालकर तुरंत धामपुर में निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए उसे मुरादाबाद रैफर कर दिया था। जीशान के फेफड़ों में पानी भर जाने से संक्रमण हो गया था। बुधवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिवार में कोहराम मच गया।

# प्रकोष्ठों की ताकत से और मजबूत होगी भाजपा, मिशन मोड में जुटें कार्यकर्ता-सीएम धामी



**देहरादून ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रदेश प्रकोष्ठों की महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यकर्ताओं और प्रकोष्ठ पदाधिकारियों को संगठन की मजबूती के लिए मिशन मोड में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की क्षमता, अनुभव और समर्पण ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है, जिसके बल पर भाजपा आज देश की सबसे मजबूत राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित हुई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न प्रकोष्ठों की जिम्मेदारी केवल संगठनात्मक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य भी करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाली एक जीवंत विचारधारा है।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चिकित्सा, सहकारिता, सांस्कृतिक, व्यवसायिक, खेल, पर्यटन और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में कार्यरत प्रकोष्ठ समाज के विभिन्न वर्गों को भाजपा से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और अन्य राजनीतिक दलों के बीच मूल अंतर यही है कि भाजपा राजनीति को सेवा का माध्यम मानती है, जबकि अन्य दल केवल चुनाव के समय जनता के बीच दिखाई देते हैं।

आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ का विशेष उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए यह प्रकोष्ठ अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने पदाधिकारियों से ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षित युवाओं की टीम तैयार करने का आह्वान किया, जो किसी भी आपदा की स्थिति में 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' के रूप में राहत एवं बचाव कार्यों में तुरंत जुट सकें। उन्होंने कहा कि जनता के मन में यह विश्वास होना चाहिए कि संकट की हर घड़ी में भाजपा कार्यकर्ता उनके साथ खड़ा है।

बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रकोष्ठ पार्टी की महत्वपूर्ण शक्ति हैं और समाज के विभिन्न वर्गों तक पार्टी की विचारधारा एवं सरकार की योजनाओं को पहुंचाने में उनकी अहम भूमिका है। उन्होंने सभी प्रकोष्ठों को शीघ्र मंडल स्तर तक अपनी टीमों का गठन पूर्ण करने तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने के निर्देश दिए।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

## परवेज आलम व्यापार संगठन के शाखा मंत्री बने



नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ के निर्देशानुसार जिला महासचिव रईस कुरैशी के नेतृत्व में नगर के मछली बाजार शाखा के अध्यक्ष शाहबाज़ अंसारी ने सुल्ताना मावा आढ़त के स्वामी परवेज आलम को शाखा मंत्री बनाया। नवमनोनीत शाखा मंत्री को मनोनयन पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवाब नजीबुद्दौला शाखा के अध्यक्ष मोनू टाटा ने सभी व्यापारियों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न सहन नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष मौ. आसिफ, गुड्डू, मौ. दानिश, उपाध्यक्ष सिताब खान, मीडिया प्रभारी दीपांशु वर्मा, शाखा मंत्री विशाल आदि सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

## हज-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू, 20 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

**बिजनौर ( चिंगारी )**। हज कमेटी ऑफ इंडिया, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हज-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 22 जून 2026 से शुरू कर दी गई है। इच्छुक एवं पात्र हज यात्री 20 जुलाई 2026 की रात्रि 11:59 बजे तक हज कमेटी की आधिकारिक वेबसाइट https://hajcommittee.gov.in अथवा हज सुविधा मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी मास्टर हज ट्रेनर हाजी अय्यूब अहमद ने देते हुए बताया कि जुलाई 2026 के अंतिम सप्ताह में डिजिटल रैंडम चयन (कुरआ) प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। कुरआ में अस्थायी रूप से चयनित प्रत्येक हज यात्री को 10 अगस्त 2026 तक 1,52,300 की अग्रिम राशि अनिवार्य रूप से जमा करनी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय-सीमा के बाद किसी प्रकार की छूट या अवधि विस्तार नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदन के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन प्रति अपलोड करना अनिवार्य है। इनमें 31 दिसंबर 2027 तक वैध मशीन-पठनीय भारतीय पासपोर्ट के प्रथम एवं अंतिम पृष्ठ, व्हाइट बैकग्राउंड वाली पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक अथवा कैंसिल चेक, पते का प्रमाण, ब्लड ग्रुप का विवरण, आधार कार्ड तथा पैन कार्ड की प्रति शामिल हैं। वरिष्ठ हज ट्रेनर हाजी मोहम्मद आसिफ उर्फ चांद ने सभी आवेदकों से अपील की है कि वे आवेदन करने से पहले हज-2027 के दिशा-निर्देशों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें, ताकि आवेदन प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी न हो। जनपद बिजनौर के इच्छुक हज यात्रियों की सहायता के लिए डॉ. जमील अहमद खान (9412217284), मोहम्मद आसिफ चांद (7520021773) तथा फहद खान (8650501737) से संपर्क किया जा सकता है।



## अदबी महफ़िल में सजा शायरी का गुलशन, वफ़ा झालवी के अशआरों पर झूमे श्रोता



**बिजनौर ( चिंगारी )**। साहित्यिक संस्था बज़्म-ए-क़मर धामपुर के तत्वावधान में मोहल्ला नई सराय, धामपुर स्थित प्रसिद्ध शायर नसीम धामपुरी के आवास पर एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क़ारी नौशाद आलम शाद अलीग ने की, जबकि संचालन के दायित्व क़ारी राशिद हमीदी ने निभाए। दिल्ली से पधारे शायर वफ़ा झालवी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का आरंभ वफ़ा झालवी की नात-ए-पाक से हुआ। इसके पश्चात एजाज़ धामपुरी ने मनक़बत के अशआर प्रस्तुत किए। बाद में विभिन्न शायरों ने अपना कलाम सुनाकर श्रोताओं से भरपूर दाद हासिल की। गोष्ठी में मुख्य अतिथि वफ़ा झालवी को खूब सुना गया। उन्हें इस शेर पर खूब दाद मिली। लगा मुझ को ऐसा कि जन्नत में घर है मदीने की गलियों में जब दिन गुज़ारे गोष्ठी में ज़ुबैर मनकवाही धामपुरी, नसीम धामपुरी, शहज़ाद आलम शहज़ाद, क़ारी राशिद हमीदी, मास्टर मोहम्मद मुकर्रम, नफ़ीस अहमद, शकील अहमद शकील, क़मर धामपुरी, शमशीर अली शम्स,नफ़ीस मंज़र, हबीब सक़लैनी, वीरेंद्र प्रताप सिंह बेताब, एजाज़ धामपुरी, इरशाद धामपुरी व क़ारी नौशाद आलम शाद अलीग ने भी अपने कालम पर खूब दाद बटोरी। गोष्ठी में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमियों ने भाग लिया तथा शायरों की भरपूर हौसला-अफ़ज़ाई की। श्रोताओं में ज़की फ़लक अंसारी, अतीक सलमानी, हनीफ़ मुल्तानी, लईक़ सलमानी, मोहम्मद अनस, मोहम्मद समीअ जर्राह, नईम सैफ़ी, मोहम्मद इक़बाल, अनीस अहमद आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्षीय संबोधन में क़ारी नौशाद आलम शाद ने उर्दू साहित्य और उसके भविष्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उर्दू पढ़ने, लिखने और उसके व्यवहारिक प्रयोग पर बल दिया। अंत में नसीम सलमानी ने सभी अतिथियों, शायरों और श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

# बीटेक में लाइबा नूर प्रथम, अरसलान अंसारी द्वितीय व देवांशु अग्रवाल तृतीय रहे

**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। नॉर्थ इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के बीटेक 8 वें सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। इंस्टिट्यूट के बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में लाइबा नूर ने 86.31 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अरसलान अंसारी ने 86 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय व देवांशु अग्रवाल ने 85.69 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। सिविल इंजीनियरिंग में हंसराज गौतम ने 84.9 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में तेजेन्द्र प्रताप ने 83.54 प्रतिशत अंक हासिल कर शीर्ष स्थान पाया, जबकि मैकेनिकल इंजीनियरिंग में सौरभ दीप ने 82.77 प्रतिशत अंकों के साथ सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। सभी टॉपर छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम, माता-पिता के सहयोग व शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। शिक्षकों ने बताया कि नियमित उपस्थिति व सतत अध्ययन ही इनकी सफलता का मुख्य कारण रहा। संस्थान की प्राचार्या डॉ. शिवानी चौहान ने कहा कि यह शानदार परीक्षा परिणाम संस्था के श्रेष्ठ शैक्षिक वातावरण को दर्शाता है। उन्होंने अर्जित ज्ञान को व्यावहारिक जीवन में अपनाने पर बल दिया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंध निदेशक अवनीश अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल, प्राचार्या डॉ. शिवानी चैहान, माणिक गुप्ता, सभी विभागाध्यक्षों व शिक्षकों ने संयुक्त रूप से उत्तीर्ण छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।







## कूड़े का सच : हर घर की अनकही कहानी

**अपने शहर में...**

आज प्रात: भ्रमण के दौरान सड़क किनारे कूड़े का एक बड़ा ढेर दिखाई दिया। उत्सुकतावश उस पर नज़र गई तो पता चला कि उसमें शराब की खाली बोतलें, पैकेट और अन्य उपभोग की वस्तुओं के अवशेष पड़े थे। उसी क्षण एक विचार मन में कौंधा—यदि किसी घर या व्यक्ति के कूड़े की गहराई से जांच की जाए, तो उसके जीवन की अनेक परतें खुल सकती हैं। मनुष्य अपने बारे में बहुत कुछ छिपा सकता है, लेकिन उसका कूड़ा अक्सर सच बोल देता है। घर के डस्टबिन में फेंके गए सामान यह बताते हैं कि परिवार क्या खाता-पीता है, किस प्रकार की वस्तुओं का उपयोग करता है, उसकी आर्थिक स्थिति कैसी है, उसकी रुचियां क्या हैं और कई बार उसकी आदतें भी क्या हैं। खाली दवा की शीशियां स्वास्थ्य की कहानी कहती हैं, फास्ट फूड के पैकेट खान-पान की प्रवृत्ति बताते हैं, जबकि किताबों या अख़बारों के अवशेष बौद्धिक रुचियों की झलक दे सकते हैं। विकसित देशों में तो कचरे के अध्ययन की एक पूरी विधा है, जिसे 'गार्बोलॉजी' कहा जाता है। पुरातत्वविद् भी प्राचीन सभ्यताओं के अवशेषों और त्यागी गई वस्तुओं का अध्ययन करके उस समय के समाज, संस्कृति और जीवन-पद्धति को समझते हैं। इतिहास मेरा विषय रहा है। मैंने इतना समझा है कि सभ्यताओं का इतिहास उसके स्मारकों से नहीं, उनके अवशेषों से भी पढ़ा जाता है। व्यक्ति का इतिहास भी कुछ ऐसा ही है अर्थात् इतिहास हो या वर्तमान, कूड़ा बहुत कुछ कहता है। मनुष्य अपने परिचय पत्र में जो लिखता है वह एक बात है, पर उसके कूड़ेदान में जो मिलता है, वह अक्सर उसका वास्तविक परिचय होता है। हम जिस प्रकार का उपभोग करते हैं, वैसा ही कचरा उत्पन्न करते हैं। इसलिए कूड़ा केवल हमारी आदतों का दर्पण नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक उत्तरदायित्व का भी परिचायक है। वास्तव में किसी समाज को समझना हो तो केवल उसके भाषणों और विज्ञापनों को मत देखिए, उसके कूड़े के ढेर को भी देखिए। वहां आपको वह सच मिल सकता है जो अक्सर शब्दों में दिखाई नहीं देता है।



**-रिफ़ाक़त मिर्ज़ा, बिजनौर**

## किफायत से खर्च करें पानी वरना हो जायेगी परेशानी...

**-हिंदुस्तानी**

**आज का विचार...**

एक विद्वान ने कहा है। लोग चीज़ों की वैल्यू मिलने से पहले और उनके खोने के बाद ही समझते हैं। हम लोग जिस पश्चिमी यूपी में रहते हैं, उसको बहुत से वरदान कुदरत ने दिये हैं। उनमें से एक पर्याप्त पानी भी है। यही वजह है इस इलाक़े की खेती अच्छी है। घरों में भी जल निगम, नगर निगम और स्थानीय निकाय भरपूर पानी सप्लाई करते हैं। कई शहरों में पानी मामूली टैक्स देकर अनलिमिटेड मिलता है। कुछ लोग इसका इसीलिए दुरूपयोग भी करते हैं। वे पानी भरकर नहीं रखते। पानी की टोटी खुली छोड़ देते हैं। पानी बेवजह बहता रहता है। वे पीने के इस पानी से अपने वाहन भी धोते हैं। अपने मकान, दुकान के सामने खूब पानी का छिड़काव करते हैं। छतें भी बार-बार पानी से धोते हैं। कुछ ने अवैध रूप से पालिका के पानी से व्यवसाय कर पैसा कमाने का रास्ता भी तलाश लिया है। कुछ घर के बाथरूम में घंटों नहाते रहते हैं। कुछ टॉयलेट के फ्लश को शौच के साथ ही पेशाब करने पर भी बार-बार चलाते हैं। कुछ शेविंग करते हुए वाश बेसिन का नल लगातार खुला रखते हैं। आरओ में भी दो तिहाई पानी बर्बाद होता है। कुछ पानी भरने के लिए मोटर चलाकर भूल जाते हैं और घंटों पानी नाली में बहता रहता है। कुछ गमलों में वेस्ट पानी की जगह पेयजल ही डालते हैं। कुछ लोग छतें ठंडी करने को बहुत पानी रात को खुली हवा में सोने के लिये बर्बाद करते हैं। बर्तन धोने के लिए भी कुछ महिलाएं एक बार टोटी खोलकर तब तक बंद नहीं करती जब तक सब बर्तन नहीं धुल जाते। कुछ घर, दुकान और सड़क को साफ करने की जगह सैंकड़ो लीटर पानी रोज़ डालते हैं। ऐसे लोगों से पानी वेस्ट न करने को कहो तो वे कहते हैं, हमारा वाटर कनेक्शन है, हम चाहे जितना पानी बहाएं आपको क्या प्रॉब्लम है। उनको कौन बताए ज़मीन के नीचे से आ रहा पानी उनका नहीं सब नागरिकों का है और लगातार वाटर लेवल नीचे जा रहा है। कम लोगों को पता है कि राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और दिल्ली के कई इलाकों में ज़मीन के नीचे पानी पूरी तरह खत्म हो चुका है। यहां दो से पांच दिन में सरकारी और प्राइवेट टैंकर से पानी आता है। यहां प्रति व्यक्ति 20 से 40 लीटर पानी खरीदा जाता है। जबकि जरूरत 200 से 500 लीटर की होती है। यह पानी एक, डेढ़ से दो रुपए लीटर तक और कहीं-कहीं 30 रु. बोतल से 160 रु. प्रति जार मिलता है। प्रति परिवार को 1500 से 8000 रु. पानी के लिए खर्च करने पड़ते हैं। इसलिए आज और अभी से पानी का दुरुपयोग बंद कर दीजिये।



## श्रवण-वध की करुण गाथा

ए एक घुटी-सी चीख है, सरयू तट कीं बात।
बिन अपराधी श्रवण को, मार गया सम्राट॥
राजमुकुट के तीर ने, कैसा किया प्रहार।
बिन अपराधी श्रवण का, छीना जीवन-सार॥

स सरयू रोई मौन हो, काँपा सारा घाट।
करुण पुकारें गूंजतीं, सुनता रहा प्रभात॥
सेवा के उस पुण्य पर, टूटा कैसा वार—
बिन अपराधी श्रवण का, छीना जीवन-सार॥
राजमुकुट के तीर ने, कैसा किया प्रहार।
बिन अपराधी श्रवण का, छीना जीवन-सार॥

काँ काँधे पर संसार था, आँखों में विश्वास।
माता-पिता के प्रेम का, चलता था इतिहास॥
सत्ता की एक भूंल ने, तोड़ा वह परिवार—
बिन अपराधी श्रवण का, छीना जीवन-सार॥
राजमुकुट के तीर ने, कैसा किया प्रहार।
बिन अपराधी श्रवण का, छीना जीवन-सार॥

ज जल का पात्र उठाए वह, करता था उपकार।
प्यासे अंधे माँ -पिता, थे उसका संसार॥
सेवा को अपराध चुन, हुआ कैसा व्यवहार—
बिन अपराधी श्रवण का, छीना जीवन-सार॥
राजमुकुट के तीर ने, कैसा किया प्रहार।
बिन अपराधी श्रवण का, छीना जीवन-सार॥

प पछतावे के अश्रू से, धुलते नहीं अपराध।
एक क्षणिक अज्ञान भी, देता जीवन-व्याध॥
समय लिखे हर कर्म का, सच्चा लेखा-भार—
बिन अपराधी श्रवण का, छीना जीवन-सार॥
राजमुकुट के तीर ने, कैसा किया प्रहार।
बिन अपराधी श्रवण का, छीना जीवन-सार॥

न न्याय बिना वैभव स्भी, होते हैं निष्प्राण।
राजदंड से श्रेष्ठ है, मानवता का मान॥
सिंहासन भी पूछते, कैसा यह अधिकार—
बिन अपराधी श्रवण का, छीना जीवन-सार॥
'सौरभ' अब इतिहास भी, देता यही पुकार।
निर्दोषों के रक्त पर, टिंकता नहीं विस्तार॥

— डॉ. सत्यवान सौरभ

## पापा को समझना थोड़ा मुश्किल होता है,

*जब देर से घर आऊं तो दरवाज़े पर तान मारते हैं,*
*कहां थे अब तक ? कहकर,, भारी डांट मारते हैं।*
*पर सच तो ये है, मेरे आने की आहट से पहले,*
*वो बंद कमरे में बेचैनी से हज़ार चक्कर मारते हैं।*

*जब मांग लूं कोई महंगी चीज़, तो सीधा मुँह मोड़ लेते हैं।*
*पैसे क्या पेड़ पर उगते हैं? कहकर, अक्सर डांट देते हैं।*
*पर अगले ही दिन मेरे तकिये के पास वो चीज़ रखकर,*
*अपनी पुरानी टूटी चप्पल को, फिर से वो जोड़ लेते हैं।*

*उनके माथे की सिलवटों में हमारी ही फिक्र का हिसाब होता है,*
*बाहर से सख्त, पर अंदर एक पिघला जज़्बात होता है।*
*पापा को समझना सचमुच थोड़ा मुश्किल होता है,*
*क्योंकि उनके हर गुस्से के पीछे, बस बेइंतहा प्यार छिपा होता है।*

*– हर्षवर्धन राय*



**चौपाई**

## पापा मैं आपकी परछाई



पापा की मैं गुड़िया प्यारी।
कहते मुझको राजदुलारी।
बिन बोले ही जाने मुझको।
वो ही तो पहचाने मुझको।
सपनों का संसार सजाया।
गले प्यार से मुझे लगाया।
कहते लाया आज मिठाई।
खुशियां मेरे घर में आई
मुझे गिरने से है बचाया।
आगे बढ़ना मुझे सिखाया।
बनना मेरी तुम परछाई।
समझो जीवन की सच्चाई।
मेरा तो बस तू ही अपना।
पूरा करना मेरा सपना।
आगे अपने कदम बढ़ाना।
कभी नहीं तुम तो घबराना।
मेरी धड़कन उनसे चलती।
जैसे दीपक में लौ जलती।
कुल की बाती मैं बन जाऊं।
पापा का मैं मान बढ़ाऊ।

**-राखी उपासना कौशिक ( हंगामा ट्वीएन्स ) धामपुर, बिजनौर**

## समय, स्वयं बोलता है -



सुनने के लिए समय चाहिए -
जो समय रहते,
किसी के पास नहीं होता-
और, जब सुनने का समय
मिलता है -
तब तक, कुछ बाकी नहीं
रह जाता, सुनने के लिए
जो, शेष बचता है-
वह विद्रूप होता है -
समय का,
और, यह वास्तव में -
अपने समय का,
समय ही तो -
होता है,
बस, शेष समय ...



- डॉ. भोलानाथ त्यागी ,
मोबा - 7017261904

## मेरे तो भगवान पिता हैं....!



गत जन्मों का, शुभ कर्मों का,
ईश्वरीय वरदान पिता हैं ।
मेरे तो भगवान पिता हैं ।।

शैशवता की गोद पिता हैं ।
बचपन का आमोद पिता हैं ।
आटे-बाटे, जुज्जू - मावल,
यौवन का हर मोद पिता हैं।
जीवन का अवदान पिता हैं ।।

लाड़ के अक्षर ढाई पिता हैं ।
मक्खन, दूध, मलाई पिता हैं ।
हाथी, घोड़े, तोता, मैना,
बरफी, बालूसाई पिता हैं ।
मेरा हर अरमान पिता हैं ।।

'अ' से मेरा अनार पिता हैं ।
'ज्ञ' से ज्ञान का सार पिता हैं।
प्रस्तावना कठिन हो कैसी,
उसका उपसंहार पिता हैं।
मेरा स्वाभिमान पिता हैं ।।

धूप में ठण्डी छांव पिता हैं ।
खुशियों वाली ठांव पिता हैं ।
जीवन-गंगा पार करा दे ,
ऐसी सक्षम नाव पिता हैं ।
मेरी सुर, लय, तान पिता हैं ।।

मेरी रिद्धि-सिद्धि पिता हैं ।
और गुणों की वृद्धि पिता हैं ।
मेरा यश-सम्मान प्रतिष्ठा ,
मेरी सुख-समृद्धि पिता हैं ।
मेरा गर्व - गुमान पिता हैं ।।

मेरा पूजा-धाम पिता हैं ।
मेरे राम व श्याम पिता हैं ।
मेरे नवग्रह, सप्त दिवा शुभ ,
मेरे आठो याम पिता हैं ।
मेरी तो पहचान पिता हैं।।



**-इंद्रदेव भारती नजीबाबाद**

//23+ years of LEGACY

THE FUTURE WITH
ARTIFICIAL INTELLIGENCE.

## Degree Programme

- B.V.Sc & A.H.
- BAMS
- BNYS
- B.Pharmacy
- Post Basic BSc Nursing
- B.Sc. Nursing
- B.P.T.
- B.M.L.S.
- B.Optometry
- B.Sc. Microbiology
- B.Sc. Biotechnology
- B.Sc. Food Technology
- B.Tech (CSE)
- BCA
- B.Sc. (Computer Sc.)
- BBA
- BBE
- B. COM
- BA LL.B
- BBA LL.B (Hons.)
- B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
- B.Sc. Agriculture (Hons.)
- B.Sc. Home Science

## Diploma Programme

- Diploma in Agriculture
- Diploma in Veterinary Science
  Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
- Diploma in Pharmacy
- Diploma in Engineering (Polytechnic)
- Diploma in Elementary Education (BTC)
- G.N.M. I A.N.M.



CONTACT US:
7055604050
7055604040

www.vivekuniversity.ac.in

VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701